श्रीगणेशाय नमः ।

दशकर्मपद्धति ।

भाषाटीकासहित ।

जिसको

श्रीकान्यकुब्जवंशावतंसमुरादाबादनिवासिस्वर्गीय-
सुखानन्दसूरिसूनुपण्डित-कन्हैयालालमिश्रने
भाषानुवादसे विभूषित किया ।

उसीको

गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास
अध्यक्ष "लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर" छापेखानेमें
मैनेजर पं० शिवदुलारे वाजपेयीने मालिकके लिये
छापकर प्रसिद्ध किया ।

संवत् १९७८, शके १८४३.

कल्याण-मुंबई.

समर्पणपत्रम् ।

श्रीमान् !

अखण्ड प्रतापशाली दयादाक्षिण्यादि अनेक विशेषणविशिष्ट गो ब्राह्मण प्रतिपालक परमोदार प्रकृति क्षत्रियवंशावतंस १०८ श्रीमन्महाराजा उदयराजसिंहजू देवबहादुर काशीपुर स्टेट जिला नैनीताल करकमलेषु. मान्य महोदय ! हिन्दूधर्म ग्रन्थोंमें जैसी रुचि और श्रद्धा आपकी है वैसी अन्य किसीमें दिखाई नहीं देती, आपने अपने स्टेटमें शतशः लोकोपकारी कार्य करके अपनी प्रजा और ब्रिटिश गवर्नमेन्टसे विशेष सन्मान प्राप्त किया है। गौ और ब्राह्मणोंकी रक्षा करनेमें आप निरन्तर यत्नवान् रहते हैं। आपके उपरोक्त गुणोंसे मोहित होकर मैंभी अपनी इस लघुकाय पुस्तक 'दशकर्म-पद्धति' को श्रीमान्के कोमल करपल्लवमें अत्यन्त भक्ति तथा आदरके सहित समर्पण करता हूँ, आशा है श्रीमान् इस भेंटको सुदामाके तन्दुलकी समान उदारतापूर्वक स्वीकार करके मुझे अनुगृहीत करेंगे। इति।

१५।२।१७
गुरुवार.

विनीत निवेदक—
पण्डित कन्हैयालाल मिश्र
मोहल्ला दीनदारपुरा
मुरादाबाद (यू. पी.)

भूमिका।

प्रिय पाठकवृन्द!

हमारा यह प्यारा भारतवर्ष आजतक सम्पूर्ण देशोंकी अपेक्षा सबही बातोंमें चढा बढा हुआ रहा था। यहांके दानवीर कर्ण, महाराज प्रातःस्मरणीय हरिश्चन्द्र, युद्धवीर अर्जुन, धर्मवीर महाराज युधिष्ठिर, महर्षि जैमिनि मुनिवर भगवान् कृष्णद्वैपायन श्रीवेदव्यासजी, कपिल तथा कणाद इत्यादि इसी भारत माताके लाल थे, कि जिनके चरित्र तथा ग्रन्थोंको अवलोकन करनेसे मनुष्य संसारसागरसे तर जाते हैं। इसका कारण एकमात्र संस्कार है। 'संस्कार' शब्दका अर्थ सुधार है जिस प्रकार हीरा पाषाणकी आकर (खानि) से निकलकर शानके संस्कारहीसे मूल्यवान् होता है इसी प्रकार मनुष्य संस्कारसेही द्विजाति होता है। जैसा कि, मनुजी महाराजने कहा है 'जन्मना जायते शूद्रो संस्काराद्विज उच्यते' अर्थात् जन्मसे मनुष्य शूद्र होता है किन्तु संस्कारसे द्विज कहलाता है जन्मसे लेकर मृत्युपर्यन्त सोलह संस्कार होते हैं यथा-

गर्भाधान १ पुंसवन २ सीमन्तोन्नयन ३ जातकर्म ४ नामकर्म ५ निष्क्रमण ६ अन्नप्राशन ७ चूडाकर्म ८ कर्णवेध ९ उपनयन १० वेदारंभ ११ समावर्त्तन १२ विवाह १३ चतुर्थी १४ मृतक १५ षोडश (दशाह) १६।

अब सब द्विजातिमात्रको चाहिये कि इन संस्कारोंको करके ऐहिक और पारमार्थिक फल प्राप्त करें, कारण कि इन्हीं वैदिक संस्कारोंके करनेपर द्विज ब्राह्मण और विप्र पदवियोंको प्राप्त किया जाता है। अनाचाररहित व वैदिक कर्म करनेसे और ब्राह्मणी व क्षत्रियाणी तथा वेश्यानीकी योनिमें जन्मा हुआही ब्राह्मण, क्षत्रिय व वैश्य होता है अतएव सब किसीको अत्यन्त भक्तिसहित वेदोक्त संस्कार अवश्य करना चाहिये और इसी लिये सब ऋषि मुनि ब्राह्मण व विद्वान् पुरुष तथा स्त्री आजतक इन संस्कारोंको परम श्रद्धासे मानते और करते चले आये हैं।

मेरी बहुत दिनोंसे इच्छा थी कि कोई संस्कार विषयका उत्तम पुस्तक रचा जाय जिससे मनुष्य अपने वेदोक्त संस्कार करके उत्तम फलके भागी बने--इसी बीचमें विद्याप्रचार निरत अखण्ड प्रतापशाली श्रीवेंकटेश्वर स्टीम यन्त्रालयाध्यक्ष मुम्बई निवासी श्रीमान् सेठ खेमराज श्रीकृष्णदासजी महोदयकी आज्ञा मिली कि 'आप दशकर्म पद्धति' भाषानुवाद कर दीजिये हम छापेंगे। उक्त महोदयकी आज्ञा पातेही मैंने शीघ्रतासे इसका भाषान्तर करके सर्वसत्व सहित

श्रीमान् सेठजीको समर्पण कर दिया है--आशा है वे महोदय इसको शीघ्रही प्रकाशित करके आपके सन्मुख लावेंगे।

यदि इस पुस्तकके द्वारा आपको कुछ भी लाभ पहुँचा तो मैं अपने परिश्रमको सफल समझूँगा।

अन्तमें सहृदय पाठकोंसे करबद्ध प्रार्थना की जाती है कि यदि नरधर्मानुसार इस ग्रन्थमें कोई त्रुटि या अशुद्धि रहगई हो तो कृपापूर्वक उसको सुधारलें या पत्रद्वारा उसकी सूचना मुझे देदेवें तो आगामी संस्करणमें इस दोषको दूर कर दिया जायगा। इत्यलम्।

फाल्गुन कृष्ण अष्टमी
गुरुवार
सम्वत् १९७३
तारीख १९।२।१७

पाठकोंका चिर परिचित
कन्हैयाल मिश्र
मोहल्ला--दीनदारपुरा
मुरादाबाद [युक्तप्रदेश]

अथ

दशकर्मपद्धति-विषयानुक्रमणिका।

इति दशकर्मपद्धतिविषयानुक्रमणिका समाप्ता।

पुस्तक मिलनेका ठिकाना—गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास,
“ लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर ” छापाखाना, कल्याण—मुंबई.

श्रीगणेशाय नमः ।

अथ

दशकर्मपद्धतिः ।

भाषाटीकासहिता ।

अथ गर्भाधानम् ।

तत्र ऋतुस्नाता चतुर्थदिने वधूः प्रातस्तूष्णीमादित्यमुपतिष्ठेत् ततस्तद्दिने मातृपूजाभ्युदयिके कृत्वा षोडशरात्रादर्वाक् शुभरात्रौ

मङ्गलाचरण ।

अखण्डमैश्वर्ययुतं परेशं विघ्नाटवीध्वंसनमेकमग्निम् ।
गजाननं तं मनसा प्रणम्य करोमि भाषां दशकर्मपद्धतेः ॥ १॥
यतोऽभूज्जन्मादिः सततमपरोक्षस्य जगतः ।
परोक्षत्वं तस्मिन् गतवति च कस्तत्र विलयः ॥
कृतातः सा भूम्नो बुधजनविकाशाय विदुषा ।
कन्हैयालालेन श्रियमियमपारं दिशतु वः ॥ २ ॥

दोहा ।

विघ्न विनाशन गजवदन, नाशनहार कलेश ।
कृपा कीजिये दास पहँ, दाता सिद्धि गणेश ॥ १ ॥
कर्मदेव पद वन्दि पुनि, गुरुको शीश नवाय ।
लिखत पद्धती कर्मकी, कीजिय आय सहाय ॥ २ ॥

अब गर्भाधानसंस्कार लिखा जाता है । तहां चौथे दिन ऋतुस्नान करके स्त्री प्रातःकाल मौनव्रतधारणपूर्वक सूर्यके सन्मुख हाथ जोडकर खडी हो जाय । फिर उसी दिन षोडश मातृकाओंकी पूजा और नान्दीमुख श्राद्ध करके

दक्षिणकरेण पतिर्वध्वा उपस्थमभिस्पृश्य जपति । ॐ पूषा भगꣳ सविता मे ददातु रुद्रः कल्पयतु ललामगुम् । विष्णुर्योनिं कल्पयतु त्वष्टा रूपाणि पिꣳशतु । आसिंचतु प्रजापतिर्धाता गर्भं दधातु ते ॥ इति मन्त्रेण । अथ प्राङ्मुख उपविष्ट उदङ्मुखो वा एता-मभिमन्त्रयेदनेन । ॐ गर्भं धेहि सिनीवालि गर्भं धेहि पृथुष्टुके । गर्भं ते अश्विनौ देवावाधत्तां पुष्करस्रजौ । इति मन्त्रेण । ततः ॐ रेतो मूत्रं विजहाति योनिं प्रविशदिन्द्रियम् । गर्भो जरायुणावृत उल्बं जहाति जन्मना । इति मन्त्रेण । रेतःस्रावणम् । अथ तस्या हृदयमालभेत् । ॐ यत्ते सुशीमे हृदयं दिवि चन्द्रमसि श्रितम् । वेदाहं तन्मां तद्विद्यात्पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतꣳ शृणुयाम शरदः शतमितिमन्त्रेण ततः स्वस्थो हृष्टमनाः हृद्देशे प्रसन्नामनातुरां कामयमानामभ्यश-

---

उस स्त्रीका पति सोलह दिनसे पहले किसी शुभ रात्रिमें दाहिने हाथसे अपनी स्त्रीके योनिप्रदेशको स्पर्श करे और (उस काल) इस आगे लिखे मन्त्रको जपे । मन्त्र यथा—ॐ पूषा भगꣳ सविता मे ददातु रुद्रः कल्पयतु ललामगुम् । विष्णुर्योनिं कल्पयतु त्वष्टा रूपाणि पिꣳशतु । आसिंचतु प्रजापतिर्धाता गर्भं दधातु ते ॥ इसके उपरान्त पूर्व अथवा उत्तरको मुख किये हुए पति इस अपनी पत्नीको निम्न लिखित मन्त्रसे अभिमन्त्रित करे । मन्त्र यथा—ॐ गर्भं धेहि सिनीवालि गर्भं धेहि पृथुष्टुके । गर्भं ते अश्विनौ देवा-वाधत्तां पुष्करस्रजौ ॥ फिर आगे लिखे मन्त्रसे वीर्य दान करना चाहिये । ॐ रेतो मूत्रं विजहाति योनिं प्रविशदिन्द्रियम् गर्भो जरायुणावृत उल्बं जहाति जन्मना ॥ अनन्तर उसके हृदयमें हाथ रखकर यह आगे लिखा हुआ मन्त्र उच्चारण करना चाहिये । मन्त्र यथा—ॐ यत्ते सुशीमे हृदयं दिवि चन्द्रमसि श्रितम् । वेदाहं तन्मां तद्विद्यात्पश्येम शरदःशतं जीवेम शरदः शतꣳ शृणुयाम शरदःशतम् ॥ अनंतर स्वस्थ अथच प्रसन्न मन होता हुआ पति प्रसन्न हृदयवाली, उद्वेगरहित, पतिकी इच्छा करती हुई स्त्रीको उत्तम शय्यापर दो

ध्यायां प्रदोषादूर्ध्वं स्त्रियमभिगच्छेत् सा यदि गर्भं न दधाति तदा पतिः कृतोपवासः पुष्यनक्षत्रे श्वेतकण्टकारिकामूलमुत्पाट्योदकेन पिष्ट्वा वधूदक्षिणनासापुटे तद्रसं दद्यात् अनेनैव मन्त्रेण । ॐ इयमोषधी त्रायमाणा सहमाना सरस्वती । अस्या अहं बृहत्याः पुत्रः पितुरिव नाम जग्रभमिति । इति गर्भाधानम् ॥ १ ॥

अथ पुंसवनम् ।

तत्र गर्भमासापेक्षया द्वितीयतृतीययोरन्यतरस्मिन्करणीयं पुष्यपुनर्वसुमृगशिरोहस्तमूलश्रवणान्यतमपुन्नामनक्षत्रयुतोभयचन्द्रतारानुकूलदिवसमवगत्य ततः पूर्वदिने वधूमुपवासं कारयित्वा अग्रिमदिने तस्याः स्नाताया अहतवासोयुगपरिधानानन्तरं शुचिः स्नातः कृताचमनो मातृ-

---

घडी रात जानेके पीछे वीर्यदान करे । यदि कदाचित् वह स्त्री गर्भ धारण नहीं करे तो उसका पति उपवासी होकर पुष्यनक्षत्रके दिन सफेद रंगवाली कटेरीकी जडको उखाड लावे और उसको जलके साथ पीसकर रस स्त्रीकी नासिकाके दाहिने स्वरसे सुँघावे और सुँघानेके समय इस नीचे लिखे मंत्रका पाठ करे । ॐ इयमोषधी त्रायमाणा सहमाना सरस्वती । अस्या अहं बृहत्याः पुत्रः पितुरिव नाम जग्रभमिति ।

इति श्रीकान्यकुब्जवंशावतंसमुरादाबादनिवासि–स्वर्गीयमिश्रसुखानन्द-सूरिसुनुपण्डित–कन्हैयालालमिश्रकृतभाषाटीकायां गर्भाधान-संस्कारः समाप्तः ॥ १ ॥

अब पुंसवनसंस्कार कहा जाता है । गर्भके महीनेमें दूसरे या तीसरे महीनेमें, पुष्य, पुनर्वसु, मृगशिरा, हस्त, मूल और श्रवण इन नक्षत्रोंमेंसे कोई पुँल्लिंग नक्षत्र जिस दिन हो, तथा चंद्र और तारा भी जिस दिन अनुकूल हो। ऐसे दिनके मिल जाने पर (पति) उससे एक दिन पहले स्त्रीको उपवास (व्रत) करावे । दूसरे दिन स्त्री स्नान करके दो नवीन वस्त्र धारण करे । फिर उसका पति पवित्रतापूर्वक स्नान करके आसनपर बैठ आचमन करे । तत्पश्चात्

पूजाभ्युदयिकादि कृत्वा वटप्ररोहं वटशुंगाश्च आचारात्कुशकंटकमपि शिशिरेण जलेन पिष्ट्वा वधूदक्षिणनासापुटे तद्रसं दद्यात् । ॐ हिरण्यगर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् । सदाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥ १ ॥ ॐ अद्भ्यः संभृतः पृथिव्यै रसाच्च विश्वकर्मणः समवर्त्तताग्रे । तस्य त्वष्टा विदधद्रूपमेति तन्मर्त्यस्य देवत्वमाजानमग्रे । इति मन्त्राभ्याम् । इति पुंसवनम् ॥ २ ॥

अथ सीमन्तोन्नयनम् ।

तत्र गर्भमासापेक्षया षष्ठेऽष्टमे वा पुन्नामनक्षत्रयुते चन्द्रतारानुकूलविहितदिने मातृपूजाभ्युदयिकादि कृत्वा बहिःशालायां कुशकण्डिकां कुर्यात् । तत्र क्रमः । कुशत्रयेण हस्तपरिमितचतुरस्रभूमिं परिसमूह्य कुशा-

---

षोडश मातृकाओंका पूजन और नान्दीमुख श्राद्ध करके बडका एक नूतन (कोमल) पत्ता कि, जिसकी डंडीमें दोनों तरफ फल लग रहे हों तोडकर लावे तथा कुशकी जड लावे और फिर इन दोनों पदार्थोंको शीतल जल द्वारा पीस और उनका रस निकालकर स्त्रीकी नासिकाके दाहिने स्वरसे सुंघावे और उस काल आगे लिखे दोनों मंत्रोंको उच्चारण करना चाहिये मंत्र यथा—ॐ हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् । सदाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥ ॐ अद्भ्यःसंभृतः पृथिव्यै रसाच्च विश्वकर्मणः समवर्तताग्रे । तस्य त्वष्टा विदधद्रूपमेति तन्मर्त्यस्य देवत्वमाजानमग्रे ॥ २ ॥

इति श्रीकान्यकुब्जवंशावतंसमुरादाबादनिवासि-स्वर्गीयमिश्रसुखानंदसूरिसूनु-पण्डित-कन्हैयालालमिश्रकृतभाषाटीकायां पुंसवनसंस्कारः समाप्तः ॥ २ ॥

अब सीमन्तोन्नयनसंस्कार कहा जाता है । गर्भके महीनेसे छठे या आठवे महीनेमें (पुरुष) पूर्वलिखित पुंनक्षत्रयुक्त और चन्द्र तथा ताराके अनुकूलवाले दिनमें पहले षोडशमातृकाओंकी पूजा और नान्दीमुख श्राद्ध करके बाहर शाला (मण्डप) में आकर कुशकाण्डिका करे उसका क्रम यथा, एक हाथकी बराबर लम्बी चौडी वेदी बनाकर (चौकोन वेदी बनाकर) उसको तीन कुशओंसे

नैशान्यां निक्षिप्य गोमयोदकेनोपलिप्य स्रुवमूलेन स्फ्येन वोत्तरतस्त्रि-रुल्लिख्योल्लेखनक्रमेणानामिकाङ्गुष्ठाभ्यां मृदमुद्धृत्य वारिणा तं देशम-भिषिच्य कांस्यपात्रेणाग्निमादाय तत्प्रत्यङ्मुखं निदध्यात् । ततो ब्राह्मणवरणम् । ॐअद्य कर्त्तव्यसीमन्तोन्नयनहोमकर्मणि कृताकृतावेक्षण-रूपब्रह्मकर्म कर्तुममुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचन्दनताम्बू-लवासोभिर्ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे ॐ वृतोस्मीति प्रतिवचनम् । ॐ यथा-विहितं कर्म कुर्विति होत्राभिहिते ॐ करवाणीति प्रतिवचनानन्तरम-ग्नेर्दक्षिणतः शुद्धमासनं दत्त्वा तदुपरि प्रागग्रान्कुशानास्तीर्यास्मिन्सी-मन्तोन्नयनहोमकर्मणि त्वं मे ब्रह्मा भवेत्यभिधाय ॐ भवानीति तेनोक्ते

बुहारे फिर उन तीनों कुशाओंको ईशानकोनमें फेंक देवे और गोबर तथा जल मिलाकर वेदीको छिडके फिर स्रुवेके पिछले भागद्वारा स्फ्य यज्ञपात्रसे प्रादे-शमात्र तीन लम्बी रेखा खैंचे और उन रेखाओंमेंसे अनामिका तथा अंगुष्ठ इन दो अँगुलियोंसे रेखा खैंचनेके क्रमसे मट्टी लेकर ईशानकोनमें फेंक देवे फिर वेदीके ऊपर जल छिडकना चाहिये । अनन्तर काँसीके पात्रमें अग्निको लेकर उसको पश्चिमाभिमुख वा उत्तराभिमुख स्थापन करे फिर ब्रह्मा (ब्राह्मण)का वरण करे और पुष्प चंदन पानादि वरणकी सामग्री हाथमें लेकर नीचे लिखी संस्कृतका पाठ करके उस ब्रह्माको प्रदान करे "ॐ अद्य कर्त्तव्यसीमन्तोन्नयन-होमकर्मणि कृताकृतावेक्षणरूपब्रह्मकर्म कर्तुममुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचन्दनताम्बूलवासोभिर्ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे" तब ब्रह्मा उस सामग्रीको अपने हाथमें लेकर 'वृतोऽस्मि' उच्चारण करे फिर यजमान 'यथाविहितं कर्म कुरु' ऐसा कहे और इसके उत्तरमें ब्रह्मा 'करवाणि' कहे । इसके पश्चात् वेदीसे दक्षिणकी ओर शुद्ध आसन बिछावे और उसके ऊपर पूर्वकी ओर अग्रभागवाले तीन कुशा-रखकर यजमानको आगे लिखी संस्कृतका पाठ करना चाहिये । यथा-'अस्मिन् सीमन्तोन्नयनहोमकर्मणि त्वं मे ब्रह्मा भव ' अर्थात् इस सीमन्तोन्नयनकर्ममें

अग्निप्रदक्षिणं कारयित्वा ब्रह्माणं तत्रोपवेश्य प्रणीतापात्रं पुरतः कृत्वा जलेनापूर्य कुशैराच्छाद्य ब्रह्मणो मुखमवलोक्याग्नेरुत्तरतः कुशोपरि निदध्यात् ततः परिस्तरणम् । बर्हिषश्चतुर्थभागमादायाग्नेयादीशानांतं ब्रह्मणोऽग्निपर्यंतं नैर्ऋत्याद्वायव्यांतम् अग्नितः प्रणीतापर्यन्तं ततोऽग्नेरुत्तरतः पश्चिमादिशि पवित्रच्छेदनार्थं कुशत्रयं पवित्रकरणार्थं साग्रमनंतगर्भकुशपत्रद्वयम् प्रोक्षणीपात्रमाज्यस्थाली चरुस्थाली संमार्जनकुशा उपयमनकुशाः प्रादेशमितपालाशसमिधस्तिस्रः स्रुवः आज्यं षट्पञ्चाशदुत्तरयजमानमुष्टिशतद्वयावच्छिन्नतंडुलपूर्णपात्रं तिलमुद्गामिश्रास्तंडुलाः पूर्वपात्रं एतानि पवित्रच्छेदनकुशानां पूर्वपूर्वदिशि

आप मेरे ब्रह्मा हूजिये । इस प्रकार कहे । तब ब्रह्माके 'ॐ भवानि ' ऐसा कहने पर अग्निकी परिक्रमा कराय यजमान उस पूर्वरचित आसनपर ब्रह्माको बैठाय देवे । फिर यजमान प्रणीतापात्रको आगे रखकर जलसे भर देवे और उसको कुशाओंसे ढककर तथा ब्रह्माका मुख देखकर अग्निके उत्तरकी तरफ कुशाओंके ऊपर रख देवे इसके पीछे परिस्तरण करना चाहिये उसका क्रम यह है-। मुट्ठीभर अथवा एक सौ कुश ग्रहण करके उसके चार भाग करे । पहला भाग अग्निकोनसे ईशानकोनतक, दूसरा भाग ब्रह्माके स्थानसे वेदीतक, तीसरा भाग नैर्ऋत्यसे वायुकोनतक और चौथा भाग वेदीसे प्रणीतापात्रतक बिछा देना चाहिये । तदनन्तर अग्निके उत्तरभागमें पश्चिम दिशाकी तरफ पवित्र छेदन करनेके निमित्त तीन कुशा रक्खे और पवित्र बनानेके लिये अनन्तर्गर्भ अर्थात् बीचका पत्र निकालकर दो कुश पत्र रक्खे फिर प्रोक्षणीपात्र, आज्यस्थाली, चरुस्थाली, पांच संमार्जनकुशा और तीनसे तेरहतक उपयमनकुशा तथा प्रादेशमात्र तीन समिधा, स्रुवा, घृत, यजमानकी दो सौ छप्पन मुट्ठी चावलोंसे भरा हुआ पूर्णपात्र[1] इन सब वस्तुओंको पवित्र च्छेदन कुशाओंके आगे आगे क्रमसे रख देवे । उनके आगे

---

१ तिल और मूंगसे मिलेहुए चावलोंको पूर्णपात्र कहते हैं ।

क्रमेणासादनीयानि तदुत्तरतः वीणागाथिनौ । प्रादेशमात्रसाग्राश्वत्थशंकुः त्रिश्वेतशल्लकीकंटकं पीतसूत्रं पूर्णस्तर्कुः दर्भपिंजूलिकात्रयं उदुंबरयुग्मफलसुवर्णघटितदेवकर्करादि युक्तसूत्रदोरकपुष्पाबिल्वादि फलयुतवाराघ्रतयादि अन्यद्यथाचारपरिप्राप्तद्रव्यमासादनीयम् । ततः पवित्रच्छेदनार्थकुशैः प्रादेशमितपवित्रे छित्वा सपवित्रपाणिना प्रणीतोदकं त्रिः प्रोक्षणीपात्रे कृत्वा अनामिकांगुष्ठाभ्यामुत्तराग्रे पवित्रे गृहीत्वा त्रिरुद्दिंगनं प्रणीतोदकेन प्रोक्षणीप्रोक्षणं ततः प्रोक्षणीजलेन यथासादितद्रव्यसेचनं ततोऽग्निप्रणीतयोर्मध्ये प्रोक्षणीपात्रनिधानं ततः आज्यस्थाल्यामाज्यनिर्वापः चरौ तु तिलतंडुलमुद्गानां प्रणीतोदकेन

वीणाके बजानेवाले दो गायकोंको बैठाल देवे । वहाँ प्रादेशमात्र अग्रभागसहित पीपलकाष्ठकी कील तथा सेई (पक्षी विशेष) का पर कांटा और पीला सूत लपेटकर (एक) तकुवा, तथा कुशाओंकी तीन पिंजूलिका[१] बनाकर स्थापन करे । फिर गूलरके नवीन पत्तेकी डाली कि जिसके दोनों तरफ फल लगे हों और सुवर्णके तारयुक्त सूत्र अर्थात् डोरा पुष्प तथा बिल्वफलसहित अन्यान्य मांगलिक पदार्थ जो कि मंगल कार्योंमें होते हैं स्थापन करे । फिर पवित्र च्छेदनार्थ जो पहले तीन कुशा रक्खी गई हैं उनसे पवित्र बनानेके निमित्त जो अनन्तरगर्भ कुशपत्र रक्खे गये हैं तिनके अग्रभागको प्रादेशप्रमाण छेदन करे और फिर उन पवित्रोंको हाथमें लेकर प्रणीतापात्रके जलको प्रोक्षणीपात्रमें तीन बार सेचन करे । फिर अनामिका और अंगुष्ठ इन दो अंगुलियोंसे पवित्रके अग्रभागको आगे करके पकडे और उन पवित्रोंसे तीन बार प्रणीतापात्रके जलको चलावे पीछे प्रणीतापात्रके जलमें उन्हीं पवित्रोंको डुबोकर प्रोक्षणीपात्रमें सेचन करे तत्पश्चात् प्रोक्षणीके जलसे उन्हीं पवित्रों द्वारा पूर्वमें स्थापन करी हुई सब वस्तुओंको प्रोक्षण (सेचन) करे । फिर अग्नि और प्रणीतापात्रके बीचमें प्रोक्षणीपात्रको रख देना

[१] तेरह कुशाओंको कलावेसे लपेटनेपर एक पिंजूलिका होती है । ऐसी तीन पिंजूलिका स्थापन करनी चाहिये ।

त्रिः प्रक्षालनं तत्र किञ्चिज्जलं दत्त्वा प्रक्षेपः । ततः स्वयं चरुं गृहीत्वा ब्रह्मणा चाज्यं ग्राहयित्वा वह्नेरुत्तरतश्चरुं दक्षिणतः आज्यं युगपन्निदध्यात् । ततः सिद्धे चरौ ज्वलत्तृणं प्रदक्षिणं भ्रामयित्वा वह्नौ तत्प्रक्षेपः ततः स्रुवप्रतपनं त्रिः ततः संमार्जनकुशानामग्रैरंतरतो मूलैर्बाह्यतः स्रुवं संमृज्य प्रणीतोदकेनाभ्युक्ष्य पुनस्त्रिः प्रताप्य दक्षिणतो निदध्यात् ततः आज्यमग्नितश्चरोः पूर्वेणानीयाग्रे धृत्वा आज्यपश्चिमेन चरुमानीयाज्यस्योत्तरतो निदध्यात् तत आज्ये प्रोक्षणीवदुत्पवनं अवेक्ष्य सत्यपद्रव्ये तन्निरसनं ततःपूर्ववत्प्रोक्षण्युत्पवनं तत उत्थायोपयमनकुशानादायप्रजा-

---

चाहिये । फिर आज्यस्थालीमें घृत डाले और चरु (साकल्य) बनानेके निमित्त तिल चावल तथा मूँग मिलावे और फिर उनको प्रणीतापात्रके जलसे तीन बार धोवे, पीछे किसी एक पात्रमें जल भरकर उसमें वह तिल चावल तथा मूँग डाल देवे । तिस पीछे यजमान उस चरुपात्रको हाथमें लेकर और ब्रह्मासे घृतको ग्रहण कराकर वेदीस्थित अग्निके उत्तरकी ओर चरुको रक्खे और ब्रह्माके हस्तास्थित घृतको दक्षिणकी ओर स्थापन करा देवे । फिर जिस समय चरु सिद्ध हो जाय अर्थात् पक जाय तब एक तिनकेको बाले और चरुपात्रके चारों तरफ घुमाकर उसको अग्निमें डाल देवे । तदनन्तर स्रुवेको अग्निमें तीन बार तपाना चाहिये । फिर जो पहले संमार्जननामक पांच कुशा स्थापन करी गई हैं, उनके अग्रभागसे स्रुवेके भीतर और पिछले भागद्वारा स्रुवेके बाहर साफ करे । फिर प्रणीतापात्रके जलसे स्रुवेको प्रोक्षण करे । अर्थात् उसपर जल छिडके और फिर तीन बार अग्निमें तपाकर उसको (वेदीके) दक्षिणकी ओर रख देवे । अनन्तर घृतको अग्निमेंसे उठावे और चरुके पूर्वकी ओर लाकर फिर उसको अपने आगे रख देवे । फिर घृतके पश्चिमकी ओरको चरु लाकर घृतको उत्तर दिशामें स्थापन कर देवे । पश्चात् घृतको पूर्व निर्मित पवित्रोंसे कुछेक ऊँचा उछाले और देखे । यदि उसमें कुछ अपद्रव्य अर्थात् मक्खी इत्यादि पडी हो तो उसको निकालकर फेंक देवे । फिर पूर्ववत् प्रोक्षणीपात्रके जलको उछाले ।

पतिं मनसा ध्यात्वा तूष्णीमग्नौ क्षिपेत्। समिधो घृताक्ताः। अथोपविश्य सपवित्रप्रोक्षणीजलेनाग्निं प्रदक्षिणक्रमेण पर्युक्ष्य प्रणीतापात्रे पवित्रे धृत्वा ब्रह्मणान्वारब्धः पातितदक्षिणजानुर्जुहुयात् तत आहुतिचतुष्टये प्रत्याहुत्यनन्तरं हुतशेषस्य घृतस्य प्रोक्षणीपात्रे प्रक्षेपः ततः समिद्धतमेऽग्नौ ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये०। इति मनसा। ॐ इन्द्राय स्वाहा इदमिन्द्राय०। इत्याघारौ। ॐ अग्नये स्वाहा इदमग्नये०। ॐ सोमाय स्वाहा इदं सोमाय०। इत्याज्यभागौ। ततोऽन्वारब्धः स्थालीपाकेन होमः ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये०। इति मनसा। ततोऽनन्वारब्धो जुहुयात् तत्तदाहुत्यनन्तरं स्रुवावस्थितहुतशेषस्य प्रोक्षण्यां प्रक्षेपः तत्रैवाज्यस्थालीपाकाभ्यां स्विष्टकृद्धोमः। ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा इदमग्नये

पश्चात् यजमान खडा होकर बाँये हाथमें उपयमन नामवाली तीनसे तेरहतक जो कुशा पहिले कही गई हैं उनको ग्रहणपूर्वक मनमें प्रजापतिका ध्यान करता हुआ पूर्वस्थापित तीन समिधाओंको घृतमें भिगोकर स्वाहा उच्चारणपूर्वक चुपचाप अग्निमें डाल देवे। इसके पीछे यजमान आसनमें बैठकर पवित्रों सहित प्रोक्षणीके जलको हाथमें लेकर अग्निके चारों ओर छिडके और फिर उन पवित्रोंको प्रणीतापात्रमें रखदेवे पश्चात् यजमान ब्रह्मासे मिलकर और दाहिने घुटुएको नवायकर प्रज्वलित अग्निमें हवन करे। यहाँ घृतकी चार आहुति दी जाती हैं। उनमें एक एक आहुति देनेके अनन्तर स्रुवेमें शेष रहे हुए घृतको प्रोक्षणीपात्रमें डालते जानाचाहिये यथा,–'ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये०। इति मनसा। ॐ इन्द्राय स्वाहा इदं इन्द्राय०। इत्याघारौ। ॐ अग्नये स्वाहा इदमग्नये०। ॐ सोमाय स्वाहा इदं सोमाय०। इत्याज्यभागौ। फिर घृत मिलाकर स्थालीपाकका (अर्थात् पहले जो चरु बनाया गया है उसका) होम करे यहाँ दो आहुति तो ब्रह्मासे युक्त होकर दी जाती है और शेष ब्रह्मासे पृथक् होकर दी जाती हैं। इन आहुतियोंमें भी शेषरहा हुआ घृतादि पूर्ववत् प्रोक्षणीपात्रमें डालतेजाना चाहिये। ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये०। इति मनसा। ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा

स्विष्टकृते० । ॐ भूः स्वाहा इदमग्नये न मम । ॐ भुवः स्वाहा इदं वायवे० । ॐ स्वः स्वाहा इदं सूर्याय । एता महाव्याहृतयः । ॐ त्वंनो अग्ने वरुणस्य विद्वान् देवस्य हेडो अव यासिसीष्ठाः । यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो विश्वा द्वेषाᳬसि प्रमुमुग्ध्यस्मत्स्वाहा इदमग्नीवरुणाभ्यां० । ॐ स त्वन्नो अग्ने व्वमो भवोती नेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ । अव यक्ष्वनो वरुणᳬ रराणो व्वीहि मृडीकᳬ सुहवो न एधि स्वाहा इदमग्नीवरुणाभ्यां० । ॐ अयाश्चाग्नेस्यनभिशस्तिपाश्च सत्वमित्वमया असि । अयानो यज्ञं वहास्ययानो धेहि भेषजᳬ स्वाहा इदमग्नये० । ॐ ये ते शतं वरुण ये सहस्रं यज्ञियाः पाशा वितता महांतः । तेभिर्नो अद्य सवितोत विष्णुर्विश्वे मुंचंतु मरुतः स्वर्काः स्वाहा इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यश्च न मम । ॐ उदुत्तमं वरुणपाशमस्मदवाधमं विमध्यमᳬ श्रथाय । अथा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितये स्याम स्वाहा इदं वरुणाय० । इति सर्वप्रायश्चि-

---

इदमग्नये स्विष्टकृते० । ॐ भूः स्वाहा इदमग्नये न मम । ॐ भुवः स्वाहा इदं वायवे० । ॐ स्वः स्वाहा इदं सूर्याय० । एता महाव्याहृतयः । ॐ त्वन्नो अग्ने वरुणस्य विद्वान्देवस्य हेडो अव यासिसीष्ठाः । यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो विश्वा द्वेषाᳬसि प्रमुमुग्ध्यस्मत्स्वाहा इदमग्नीवरुणाभ्याम्० । ॐ सत्वन्नो अग्ने वमो भवोती नेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ । अव यक्ष्वनो वरुणᳬ रराणो वीहि मृडीकᳬ सुहवो न एधि स्वाहा इदमग्नीवरुणाभ्याम्० । ॐ अयाश्चाग्नेस्यनभिशस्तिपाश्च सत्वमित्त्वमया असि । अयानो यज्ञं वहास्ययोनो धेहि भेषजᳬ स्वाहा इदमग्नये० । ॐ ये ते शतं वरुण ये सहस्रं यज्ञियाः पाशा वितता महांतः । तेभिर्नो अद्य सवितोत विष्णुर्विश्वे मुंचंतु मरुतः स्वर्काः स्वाहा इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यश्च न मम । ॐ उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं विमध्यमᳬ श्रथाय । अथा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितये स्याम स्वाहा इदं वरुणाय० । इति सर्वप्रायश्चित्तम् । ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं

तम् । ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये० इति प्राजापत्यम् । अथ संस्रवप्राशनम् । ततः आचम्य ॐ अद्य सीमन्तोन्नयनहोमकर्मणि कृताकृतावेक्षणरूपब्रह्मकर्मप्रतिष्ठार्थमिदं पूर्णपात्रं प्रजापतिदैवतममुकगोत्रायामुकशर्मणे ब्राह्मणाय ब्रह्मणे दक्षिणां तुभ्यमहं संप्रददे ॐ स्वस्तीति प्रतिवचनम् । ततो ब्रह्मग्रन्थिविमोकः । ततः ॐसुमित्रिया न आप ओषधयः सन्तु इति पवित्राभ्यां प्रणीताजलेन शिरः संमृज्य ॐ दुर्मित्रियास्तस्मै संतु योऽस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः इत्यैशान्यां प्रणीतान्युब्जीकरणम् । ततः स्तरणक्रमेण बर्हिरुत्थाप्याज्येनाभिघार्य ॐ देवा गातुविदो गातुं वित्वा गातुमितमनसस्पत इमं देवयज्ञ॑ स्वाहा व्वाते धाः स्वाहा इति मन्त्रेण बर्हिर्होमः । ततः पश्चादग्नेर्वधूमहतवाससी परिधाय्य मृद्वासने

प्रजापतये० । इति प्राजापत्यम् । फिर होमकी समाप्ति होनेपर यजमान संस्रवप्राशन अर्थात् प्रोक्षणीपात्रसे जल लेकर यत्किंचित् पान करे । फिर आचमनपूर्वक पूर्णपात्रका संकल्प करके ब्रह्माको (दक्षिणा) प्रदान कर देवे । संकल्प यथा- 'ॐ अद्य सीमन्तोन्नयनहोमकर्मणि कृताकृतावेक्षणरूपब्रह्मकर्मप्रतिष्ठार्थमिदं पूर्णपात्रं प्रजापतिदैवतमकसुगोत्रायाऽसुकशर्मणे ब्राह्मणाय ब्रह्मणे दक्षिणां तुभ्यमहं सम्प्रददे' तब ब्रह्मा 'स्वस्ति' इस प्रकार कहकर उस पूर्णपात्रको ग्रहण कर लेवे । फिर पवित्रकी ब्रह्मग्रंथिको खोल देना चाहिये । इसके पीछे आगे लिखे मंत्रद्वारा प्रणीतापात्रके जलसे यजमान अपने शिरमें मार्जन करे । मन्त्र यथा—'ॐ सुमित्रिया न आप ओषधयःसन्तु' इसके उपरान्त 'ॐ दुर्मित्रियास्तस्मै सन्तु योऽस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः' इस मन्त्रसे प्रणीतापात्रको ईशानकोनमें उलटा कर देवे । तदनन्तर पहले बिछाये हुए कुशाओंको क्रमानुसार अर्थात् जिस क्रमसे बिछाये थे उसी क्रमसे उठाकर घृतमें भिगोवे और 'ॐ देवा गातुविदो गातुं वित्वा गातुमित मनसस्पत इमं देवयज्ञ॑ स्वाहा व्वाते धाः स्वाहा' इस मन्त्रद्वारा अग्निमें स्वाहा उच्चारण करके डालदेवे । पश्चात् नवीन वस्त्र धारण करी हुई गर्भवती स्त्रीको

उपवेशयेत् ततस्त्रिश्वेतशल्लकीकंटकाश्वत्थशंकुपीततन्तुतर्कुदर्भपिञ्जूलीत्रितयोदुम्बरफलयुग्मान्वितप्रादेशमितशाखाभिर्वर्तुलीकृत्य सीमन्तमूर्द्धनि विनयति ॐ भूर्भुवः स्वः विनयामि इति मन्त्रेण सकृत् । ॐ भूर्विनयामि । ॐ भुवर्विनयामि । ॐ स्वर्विनयामि इति मन्त्रेण वारत्रयं ततः उदुम्बरफलयुग्मान्वितशल्लकीकंटकादिपञ्चकं वधूसीमन्तदक्षिणतो वेणीकृत्वा पतिर्बध्नाति ॐ अयमूर्ज्जाऽवतो वृक्ष उर्ज्जीव फलिनी भव इति मन्त्रेण । तत उदुम्बरफलादिसमन्वितसूत्रदोरकं वधूग्रीवायां अनेनैव क्रमेण वा आचाराद्बध्नीयात् । ततो बिल्वादिसमन्वितं वाराष्टतयेन स्नपनम् । ततः फलपुष्पादिकं नूतनवस्त्रेण बद्ध्वा प्रतीक्ष्य धर्त्तव्यं प्रतिस्नपने स्वामिपठनीयो मन्त्रः ॐ अयमूर्जेति राजानᳬ संगा-

---

अग्निके पश्चिमकी तरफ कोमल आसनपर बैठाले और फिर सेई (पक्षी) का (कांटा), पीपलकी कीली, पीले डोरेसे लिपटा हुआ तकुआ, तथा तीन कुशाओंकी पिंजूलिका और गूलरकी दो फलयुक्त डाली इन पांचों पदार्थोंसे पति अपनी स्त्रीके बालोंको आगे लिखे 'ॐ भूर्भुवः स्वः विनयामि' इस मन्त्रसे एक वार 'ॐ भूर्विनयामि' 'ॐ भुवर्विनयामि' 'ॐ स्वर्विनियामि' इन मन्त्रोंसे तीन वार इकट्ठा करे अनन्तर उन्ही पांचों पदार्थोंद्वारा माँग निकालनेकी रीतिसे आगे लिखे 'ॐ अयमूर्जावतो वृक्ष उर्जीव फलिनी भव' इस मंत्रसे गूलरके फलादिसहित डोरेको परम्परानुसार वधूके गले या चोटीमें बाँध देवे और फिर सुवर्णरचित तागे अथवा पीले तागेसे वधूकी वेणी बाँध देनी चाहिये। फिर जो बिल्वफलादि मांगलिक पदार्थ कहेहैं, उनको जलमें डालकर आठ वार (लोटे अथवा मोलुएसे) पत्नीको स्नान करावे। यहाँ फल पुष्पादि नये वस्त्रमें बाँधे और उनको देखकर अपने निकट रख लेवे प्रत्येक वार स्नानके समय पति आगे लिखे मन्त्रको पढे और उसी समय वीणागायकोंको 'आप किसी राजा अथवा वीरपुरुषके यशको गाओ ऐसी आज्ञा देवे । स्नानका मन्त्र 'अयमूर्जावतो वृक्ष उर्जीव फलिनी भव' (वीणागायकोंके गानेका मन्त्र)

येतामिति प्रैषानन्तरं सोम एवं नो राजेमा मानुषीः अविमुक्तचक्र आसीरंस्तीरे तुभ्यमसौ श्रीअमुकदेवी इति गाथां वीणागाथिनो गायेतां अन्यो वा वीरतरः। ततो या ग्रामसन्निहिता नदी तस्या नाम गृह्णीयात्। तत उत्थाय वधूदक्षिणकरेण स्रुवस्पृष्टेन फलपुष्पसमन्वितघृतेन ॐ मूर्द्धानं दिवो अरतिं पृथिव्या वैश्वानरमृत आजातमग्निम्। कविᳵ सम्राजमतिथिं जनानामासन्ना पात्रं जनयंत देवाः स्वाहा इति मन्त्रेण। ॐ पूर्णादर्वि परापत सुपूर्णा पुनरापत वस्नेव विक्रीणा वहा इषमूर्ज्जᳵ शतक्रतो स्वाहेत्यनेन पूर्णाहुतिं दत्त्वोपाविश्य स्रुवेण भस्मानीय दक्षिणकरानामिकाग्रगृहीतभस्मना ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेरिति ललाटे ॐ कश्यपस्य त्र्यायुषमिति ग्रीवायाम् ॐ यद्देवेषु त्र्यायुषमिति दक्षिणबाहुमूले ॐ तन्नो अस्तु त्र्यायुषमिति हृदि इति त्र्यायुषं कुर्य्यात्। अनेनैव

'सोम एव नो राजेमा मानुषीः प्रजाः अविमुक्तचक्र आसीरंस्तीरे तुभ्यमसौ' श्रीअमुकदेवी[1] फिर जिस नगर या ग्राममें यजमानका घर हो उसके समीप बहनेवाली नदीका नाम पत्नीसे उच्चारण करावे फिर पति अपनी स्त्रीके साथ खडा होजाय और पत्नीके दाहिने हाथसे स्रुवेकों स्पर्श कराय उस स्रुवेमें घृत, फल, पुष्प, स्थापनपूर्वक 'ॐ मूर्द्धानं दिवो अरतिं पृथिव्या वैश्वानरमृत आजातमग्निम्। कविᳵसम्राजमतिथिं जनानामासन्ना पात्रं जनयन्त देवाः स्वाहा ॐ पूर्णादर्वि परापत सुपूर्णा पुनरापत। वस्नेव विक्रीणावहा इषमूर्ज ᳵ शतक्रतो स्वाहा' इस मंत्रसे पूर्णाहुति करावे। फिर बैठकर स्रुवमें कुंड (वेदी) की भस्म लगाय दाहिने हाथकी अनामिका अँगुलीसे स्रुवेमें लगी हुई भस्म ग्रहण कर 'ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेः' यह कहकर माथेमें, 'ॐ कश्यपस्य त्र्यायुषं' बोलकर गलेमें, 'ॐ यद्देवेषु त्र्यायुषं' कहकर दक्षिणबाहुमूलमें और 'ॐ तन्नो अस्तु त्र्यायुषं' ऐसा उच्चारण करके उसको हृदयमें लगाना चाहिये। इसी प्रकार

---

[1] अमुकदेवीके स्थानमें स्त्रीका नाम लेवे।

क्रमेण वध्वा अपि त्र्यायुषं कुर्य्यात् तत्र तत्ते अस्तु त्र्यायुषं इति विशेषः ततो ब्राह्मणभोजनम् । इति सीमन्तोन्नयनम् ॥ ३ ॥

अथ जातकर्म ।

तत्र प्रथमं शूळवतीमद्भिः परिषिंचाति ॐ एजतु दशमास्यो गर्भो जरायुणा सह । यथायं वायुरेजति यथा समुद्र एजाति एवायं दशमास्यो अस्रज्जरायुणा सह । इति मन्त्रेण । ततो वधूसमीपे पतिर्जपाति ॐ अवैतु पृश्नि शेवल ँ शुने जराय्वत्तवेनैव मा्ँसेन पीवरीं न कार्स्मिश्च नायतनमव जरायुपद्यतामिति । ततः पुत्रे जाते नाभिवर्धनीयात् प्राक्कृताभ्युदयिकः कुमारं दक्षिणकरस्यानामिकया स्वर्णान्तर्हितया मधुघृते एकीकृत्य घृतमेव वा प्राशयति ॐ भूस्त्वयि दधामि ॐ भुवस्त्वयि दधामि

फिर अपनी पत्नीके भी त्र्यायुष करे अर्थात् भस्म लगावे । किन्तु पत्नीके भस्म लगाते समय तन्नो अस्तुके स्थानमें ' तत्ते अस्तु ' उच्चारण करे और फिर पीछे ब्राह्मणोंको भोजन करना चाहिये ।

इति श्रीकान्यकुब्जवंशावतंसमुरादाबादनिवासी-स्वर्गीयमिश्रसुखानन्दसूरिसूनुपण्डित-कन्हैयालालमिश्रकृतभाषाटीकायां सीमन्तोन्नयनसंस्कारः समाप्तः ॥ ३ ॥

अब जातकर्मसंस्कार कहा जाता है । जिस समय प्रसव होनेसे पूर्व स्त्रीको प्रसवकी प्रथम पीडा उपस्थित हो तो उसका पति आगे लिखे ' ॐ एजतु दशमास्यो गर्भो जरायुणा सह । यथायं वायुरेजति तथा समुद्र एजति एवायं दशमास्योऽस्रज्जरायुणा सह' इस मंत्रसे जलोंसे पत्नी पर अभिषेक करे । इस मंत्रको पत्नीके समीप जपे । ॐ अवैतु पृश्नि शेवल ँ शुने जराय्वत्तवेनैव माँसेन पीवरीं न कार्स्मिश्च नायतनमव जरायुपद्यताम् ' तत्पश्चात् पुत्रके उत्पन्न होनेपर नाल काटनेसे पहले नान्दीमुख नामक श्राद्ध करके बालकको सुवर्णकी सलाईसे अनामिका अंगुलिद्वारा शहत और घृतको मिलाकर अथवा केवल मात्र घृतकोही चटावे । और इन आगे लिखे हुए मंत्रोंका उस समय उच्चारण करे । ' ॐ भूस्त्वयि दधामि ॐ भुवस्त्वयि दधामि ॐ स्वस्त्वयि दधामि

ॐ स्वस्त्वयि दधामि ॐ भूर्भुवः स्वः सर्वं त्वयि दधामि इति मन्त्रेण । एतच्च मेधाजननम् । ततः कुमारस्य दक्षिणकर्णे नाभ्यां वा मुखं दत्त्वा ॐ अग्निरायुष्मान्स वनस्पतिभिरायुष्मांस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ १ ॥ ॐ सोम आयुष्मान्स ओषधीभिरायुष्मांस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ २ ॥ ॐ ब्रह्मायुष्मत्तद्ब्राह्मणैरायुष्मत्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ ३ ॥ ॐ देवा आयुष्मंतस्तेऽमृतेनायुष्मंतस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ ४ ॥ ॐ ऋषय आयुष्मंतस्ते व्रतैरायुष्मंतस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ ५ ॥ ॐ पितर आयुष्मंतस्ते स्वधाभिरायुष्मंतस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ ६ ॥ ॐ यज्ञ आयुष्मान्त्स दक्षिणाभिरायुष्मांस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥७॥ ॐ समुद्र आयुष्मान्स स्रवंतीभिरायुष्माँस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ ८ ॥ इति त्रिर्जपित्वा । ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेः कश्यपस्य त्र्यायुषं यद्देवेषु त्र्यायुषं तन्नो अस्तु त्र्यायुषं इति त्रिर्जपित्वा । अथ तस्य दीर्घमायुःकामयमानः पुत्रमभि-

ॐ भूर्भुवः स्व सर्वं त्वयि दधामि ' एतच्च मेधाजननम् । तिस पीछे (पिता वा आचार्य) कुमारके दाहिने कान अथवा उसकी नाभिके समीप अपना मुख लगाकर आगे लिखे हुए मंत्रोंको तीन वार जपे । ॐ अग्निरायुष्मान्स वनस्पतिभिरायुष्माँस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ १ ॥ ॐ सोम आयुष्मान्स ओषधीभिरायुष्माँस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ २ ॥ ॐ ब्रह्मायुष्मत्तद्ब्राह्मणैरायुष्मत्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ ३ ॥ ॐ देवा आयुष्मंतस्तेऽमृतेनायुष्मंतस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ ४ ॥ ॐ ऋषय आयुष्मंतस्ते व्रतैरायुष्मंतस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ ५ ॥ ॐ पितर आयुष्मंतस्ते स्वधाभिरायुष्मंतस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ ६ ॥ ॐ यज्ञ आयुष्मान्स्सदक्षिणाभिरायुष्मांस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ ७ ॥ ॐ समुद्र आयुष्मान्स स्रवंतीभिरायुष्मांस्तेन त्वायुषायुष्मंतं करोमि ॥ ८ ॥ तत्पश्चात् आगे लिखे हुए 'त्र्यायुषं जमदग्नेःकश्यपस्य त्र्यायुषं यद्देवेषु त्र्यायुषं (और) तन्नो अस्तु त्र्यायुषम्' मन्त्रको तीन बार जपकर

स्पृशन् वायू जपति स चायं ॐ दिवस्परि प्रथमं जज्ञे अग्निरस्य द्वितीयं परि जातवेदाः । तृतीयमप्सु नृमणा अजस्रमिंधान एनं जरते स्वाधीः ॥ १ ॥ ॐ विद्मा ते अग्ने त्रेधा त्रयाणि विद्मा ते धाम बिभृता पुरुत्रा । विद्मा ते नाम परमं गुहा यद्विद्मा तमुत्सं यत आजगंथ ॥ २ ॥ ॐ समुद्रे त्वा नृमणा अप्स्वंतर्नृचक्षा ईधे दिवो अग्न ऊधन् । तृतीये त्वा रजसि तस्थिवाꣳसमपामुपस्थे महिषा अवर्द्धन् ॥३॥ ॐ अक्रंददग्निः स्तनयन्निव द्यौः क्षामारे रिहद्वीरुधः समंजन् । सद्यो जज्ञानो व्विहीमिद्धो अख्यदा रोदसी भानुना भात्यंतः ॥ ४ ॥ ॐ श्रीणामुदारो वरुणो रयीणां मनीषाणां प्रार्पणः सोमगोपाः ॥ वसुः सूनुः सहसो अप्सु राजा विभात्यग्र उषसामिधानः ॥ ५ ॥ ॐ विश्वस्य केतुर्भुवनस्य गर्भ आ रोदसी अपृणाज्जायमानः । वीडुं चिदद्रिमभिनत्परायंजनायदग्निमयजंत पंच ॥ ६ ॥ ॐ उशिक् पावको अरतिः सुमेधा मर्त्तेष्वग्निरमृतो निधायि । इयर्त्ति

पिता यदि पुत्रको दीर्घायु होनेकी कामना करे तो फिर पुत्रके शरीरको अपने हाथसे स्पर्श करता हुआ इन आगे लिखे हुए मन्त्रोंको जपे । "ॐ दिवस्परि प्रथमं जज्ञे अग्निरस्यद्वितीयं परि जातवेदाः । तृतीयमप्सु नृमणा अजस्रमिंधान एनं जरते स्वाधीः ॥ १ ॥ ॐ विद्मा ते अग्ने त्रेधा त्रयाणि विद्मा ते धाम बिभृता पुरुत्रा । विद्मा ते नाम परमं गुहा यद्विद्मा तमुत्सं यत आजगंथ ॥ २ ॥ ॐ समुद्रे त्वा नृमणा अप्स्वंतर्नृचक्षा ईधे दिवो अग्न ऊधन्तृतीये त्वा रजसि तस्थिवाꣳ समपामुपस्थे महिषा अवर्द्धन् ॥ ३ ॥ ॐ अक्रंददग्निस्तनयन्निव द्यौः क्षामरे रिहद्वीरुधः समंजन् । सद्यो जज्ञानो व्विहीमिद्धो अख्यदा रोदसी भानुना भात्यंतः ॥ ४ ॥ ॐ श्रीणामुदारो वरुणो रयीणां मनीषाणां प्रार्पणः सोमगोपाः ॥ वसुः सूनुः सहसो अप्सु राजा विभात्यग्र उषसामिधानः ॥ ५ ॥ ॐ विश्वस्य केतुर्भुवनस्य गर्भ आ रोदसी अपृणाज्जायमानः । वीडुं चिदद्रिमभिनत्परायं जनायदग्निमयजंत पंच ॥ ६ ॥ ॐ उशिक् पावको अरतिः सुमेधा मर्त्ये-

धूममरुषं भरिभ्रदुच्छुक्रेण शोचिषा द्यामिनक्षन् ॥ ७ ॥ ॐ दृशानो रुक्म उर्व्या व्यद्यौदुर्मर्षमायुःश्रिये रुचानः। अग्निरमृतो अभवद्वयोभिर्यं देनं द्यौरजनयत्सुरेताः॥८॥ॐ यस्ते अद्य कृणवद्भद्रशोचेऽपूपं देव घृतवंतमग्ने । प्रतन्नय प्रतरं वस्यो अच्छाभि सुम्नं देवभक्तं यविष्ठ ॥९॥ ॐ आतं भज सौश्रवसेष्वग्न उक्थ उक्थ आभज शस्यमाने । प्रियः सूर्यें प्रियो अग्ना भवात्युज्जातेन भिनददुज्जनित्वैः ॥१०॥ ॐ त्वामग्ने यजमाना अनुद्यून् विश्वा व्वसु दधिरे वार्याणि। त्वया सह द्रविणमिच्छमाना व्रजं गोमंतमुशिजो विवव्रुः ॥ ११ ॥ ततः कुंमारं प्रतिदिशमेकैकं ब्राह्मणं मध्ये पंचममूर्ध्वमवेक्षमाणमवस्थाप्य तमुद्दिश्य इममनुप्राणितेति पिता ब्रूयात् ततस्तेषु प्राणेति पूर्वो व्यानेति दक्षिणोऽपानेति अपर उदानेति

त्वग्निरमृतो निधायि । इयर्ति धूममरुषं भरिभ्रदुच्छुक्रेण शोचिषा द्यामिनक्षन् ॥ ७ ॥ ॐ दृशानो रुक्म उर्व्या व्यद्यौदुर्मर्षमायुः श्रिये रुचानः । अग्निरमृतो अभवद्वयोभिर्यदेनं द्यौरजयत्सुरेताः ॥ ८ ॥ ॐ यस्ते अद्य कृणवद्भद्रशोचेऽपूपं देव घृतवंतमग्ने । प्रतन्नय प्रतरं वस्यो अच्छाभि सुम्नं देवभक्तं यविष्ठ ॥ ९ ॥ ॐ आतं भज सौश्रवसेष्वग्न उक्थ उक्थ आभज शस्यमाने प्रियः सूर्ये प्रियो अग्ना भवात्युज्जातेन भिनददुज्जनित्वैः ॥ १० ॥ ॐ त्वामग्ने यजमाना अनुद्यून् विश्वा वसु दधिरे वार्याणि त्वया सह द्रविणमिच्छमाना व्रजं गोमंतमुशिजो विवव्रुः ॥ ११ ॥ " तिसके पीछे बालकके पूर्व पश्चिम उत्तर और दक्षिण इन चारों दिशामें चार ब्राह्मणोंको बैठाल देवे और उनके बीचमें एक पाँचवें ब्राह्मणको ऊर्ध्वदृष्टि करके बैठाले अर्थात् वह पाँचवां ब्राह्मण ऊपरको देखता रहे । तब पिता पूर्व तरफके ब्राह्मणकी ओर देखकर 'इममनुप्राणितेति' कहे । तत् पश्चात् उन चारों ब्राह्मणोंमेंसे पूर्वकी ओर बैठा हुआ ब्राह्मण 'प्राणेति' उच्चारण करे । दक्षिणकी दिशामें बैठा हुआ ब्राह्मण 'व्यानेति' पश्चिमदिशामें बैठाहुआ ब्राह्मण 'अपानेति' और उत्तर दिशामें बैठाहुआ

उत्तर उपरिष्टाद्वेक्ष्यमाणः समानेति पंचमो ब्रूयात् । एषामसंभवे स्वय-मेव तत्र तत्रोपविश्य तथैव ब्रूयात् । अथ कुमारस्य जन्मभूमिमभिमंत्र-येत् ॐ वेद ते भूमि हृदयं दिवि चंद्रमासि श्रितम् । वेदाहं तन्मां तद्विद्या-त्पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतꣳशृणुयाम शरदः शतमित्यनेन । अथ कुमारमभिमृशति । अश्मा भव परशुर्भव हिरण्यमश्रुतं भव आत्मा वै पुत्रनामासि त्वं जीव शरदः शतमित्यनेन । तत्र कुमारमातरमभिमंत्र-येत् इडासि मैत्रावरुणी वीरे वीरमजीजनथाः । सा त्वं वीरवती भव यास्मान्वीरवतोकरत् इत्यनेन । ततः कुमारनाभिवर्द्धने कृते तस्या दक्षिणस्तनं प्रक्ष्याल्य कुमाराय प्रयच्छति ॐ इमꣳस्तनमूर्जस्वंतं धया-पां प्रपीनमग्ने सरिरस्य मध्ये उत्सं जुषस्व मधुमंतमर्वन्तसमुद्रियꣳ सद-नामाशिस्व इति मंत्रेण । ततो वामस्तनं प्रक्षाल्य प्रयच्छति ॐ इमꣳ

ब्राह्मण 'उदानेति' उच्चारण करे । तथा बीचमें ऊर्ध्वदृष्टि खडा हुआ ब्राह्मण 'समानेति' उच्चारण करे यदि उस समय यह पाँच ब्राह्मण नहीं मिल सकें तो पिताको चाहिये कि उन पूर्वादि चारों दिशाओंमें स्वयं जाकर उक्त उन मन्त्रोंको उच्चारण कर देवे । फिर आगे लिखे 'ॐ वेद ते भूमि हृदयं दिवि चन्द्रमसि श्रितं वेदाहं तन्मां तद्विद्यात्पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतꣳशृणु-याम शरदः शतम्' इस मन्त्रसे कुमारकी जन्मभूमिको भी अभिमन्त्रित करे । अनन्तर आगे लिखे 'अश्मा भव परशुर्भव हिरण्यमश्रुतं भव आत्मा वै पुत्र-नामासि त्वं जीव शरदः शतम्' इस मन्त्रसे कुमारको स्पर्श करे । इसके पश्चात् आगे लिखे 'इडासि मैत्रावरुणी वीरे वीरमजीजनथाःसात्वं वीरवती भव यास्मा-वीरवतोऽकरत्' इस मन्त्रसे कुमार (बालक) की माताको भी अभिमन्त्रित करे फिर बालकके नालछेदन करनेपर उसकी माताके दाहिने स्तनको धुलावे और आगे लिखे 'ॐ इमꣳ स्तनमूर्जस्वन्तं, धयापां प्रपीनमग्ने सरिरस्य मध्ये उत्सं जुषस्व मधुमंतसर्वनतसमुद्रियꣳ सदनमाविशस्व' इस मन्त्रसे बालकको दुग्धपान करावे अर्थात् बालकके मुखमें स्तन देवे । फिर बांये स्तनको धोकर पूर्वोक्त 'ॐ इमꣳ स्तनमूर्जस्वन्तं' इत्यादि और दूसरे 'यस्ते स्तनः शशयो यो मयोभूर्यो रत्नधा

स्तनमित्यादि । यस्तेस्तनः शशयो योमयोभूर्यो रत्नधावसुविद्यः सुदत्रः । येन विश्वा पुष्यसि वार्याणिसरस्वति तमिह धातवेऽकः इति मंत्राभ्याम् । ततः प्रसवित्री शयनीयमस्तकोपरि भूमौ वारिपूर्णभाजनं निदध्यात् अपो देवेषु जागृथ यथा देवेषु जागृथ एवमस्यां सूतिकायां सपुत्रिकायां जागृथेत्यनेन मंत्रेण । तच्च सूतिकोत्थापनपर्यंतं तत्रैव धर्तव्यम् । ततः सूतिकागृहद्वारप्रवेशे पंचभूसंस्कारान् कृत्वाग्नेरुपसमाधानं स चाग्निरुत्थानदिनपर्यंतं तत्रैव धर्तव्यः । तत्र चाग्नौ संध्ययोः फलीकरणांस्तंडुलांस्तन्मिश्रान् सर्षपान् दश दिनानि पिता अन्यो वा ब्राह्मणो नित्यं हस्तेन जुहोतितत्रप्रथमाहुतौ मंत्रः । ॐ शंडामर्का उपवीरः शौंडिकेय उलूखलः मलिम्लुचो द्रोणासश्च्यवनोनश्यतादितः स्वाहा इदं शंडामर्काभ्यामुपवीराय मलिम्लुचाय द्रोणेभ्यश्च्यवनाय० । द्वितीयाहुतौ ॐ आलिखन्ननिमिषः किंवदंत उपश्रुतिर्हर्यक्षः कुंभीशत्रुः पात्रपाणिर्नृमणिर्हंत्रीमुखः, सर्ष

वसुविद्यः सुदत्रः । येन विश्वा पुष्यसि वार्याणि सरस्वति तमिह धातवेऽकः । ' इस मंत्रसे बालकको देवे । फिर उस पुत्रवती स्त्रीके शिरहानेकी तरफ आगे लिखे ' आपो देवेषु जाग्रथ यथा देवेषु जाग्रथ एवमस्यां सूतिकायां सपुत्रिकायां जाग्रथेति ' इस मन्त्र द्वारा एक जलसे भराहुआ पात्र (कलश) स्थापन करे और दश दिनपर्यन्त अर्थात् जबतक सूतक निवृत्त न हो उसको वहांसे नहीं उठावे । फिर जहां पुत्र जन्मा हो उसी कोठरी (सोवर) के दरवाजे पर पञ्चभूसंस्कारपूर्वक अग्निको स्थापन करे । यह अग्निभी सूतकान्ततक रहनी चाहिये । उस घरकी स्थापित अग्निमें प्रातः तथा सायंकालको धानोंकी पृथक् की हुई भुस्सी (चोकर) चावलोंकी कनी और सरसों मिलाकर आगे लिखे " ॐ षण्डामर्का उपवीरः शौंडिकेय उलूखलः ॥ मलिम्लुचो द्रोणासश्च्यवनो नश्यतादितः स्वाहा इदं शंडामर्काभ्यामुपवीराय मलिम्लुचाय द्रोणेभ्यश्च्यवनाय० । द्वितीयाहुतौ ॐ आलिखन्ननिमिषः किंवदंतउपश्रुतिर्हर्यक्षः कुंभीशत्रुः पात्रपाणिर्नृमणिर्हंत्रीमुखः सर्षपारुणश्च्यवनो नश्यतादितः

पारुणश्च्यवनो नश्यतादितः स्वाहा इदमालिखतेऽनिमिषाय किंवदद्भ्य उपश्रुतये हर्यक्षाय कुंभीशत्रवे पात्रपाणये नृमणये हंत्रीमुखाय सर्षपाया-रुणाय० । अथ यदि दशाहाभ्यंतरे कुमारग्रहो बालमाविशेत्तेनाविष्टो न नामयति न रोदति न हृष्यातिन तुष्यति च तदेतन्नैमित्तिकं कर्तव्यं तदा तं बालकं जालेन प्रच्छाद्य उत्तरीयेण वाससा अंकमादाय तं बालं पिता जपति कूकुरस्तु कूर्कुरः कूर्कुरो बालबंधनः चेच्चेच्छुनक सृज नमस्ते अस्तु सीसरो लपेतापव्हर तत्सत्यं यत्ते देवा वरमददुः सत्वं कुमारमेव वावृणीथाः चेच्चेच्छुनक सृज नमस्ते अस्तु सीसरोलपेतापव्हर सत्यं यत्ते सरमा माता ससिरः पिताश्यामशबलौ भ्रातरौ चेच्चेच्छुनक सृज नमस्ते अस्तु ससिरो-लपेतापव्हरेति जपः । न नामयति न रोदिति न हृष्यति न ग्लायति यत्र वयं वदामो चाभिमृशामसि । इत्यभिमृशति ॥ इति जातकर्म ॥ ४ ॥

स्वाहा इदमालिखतेऽनिमिषाय किंवदद्भ्य उपश्रुतये हर्यक्षाय कुंभीशत्रवे पात्रपा-णये नृमणये हन्त्रीमुखाय सर्षपायारुणाय० । इन मंत्रोंसे पिता अथवा और कोई ब्राह्मण दश दिनतक आहुति देता रहे फिर यदि दश दिनके भीतर बाल-कको किसी (पूतनादि) बालग्रहजनित पीडा (व्याधि) मालूम हों, और उससे ग्रसित होनेपर बालक न हाथ पैर हिलावे, न रोवे न हँसे और न प्रसन्न रहे तब इस व्याधिके शमनार्थ यह कर्म करना चाहिये कि उस बालकको उसके ओढनेके वस्त्रसहित जालसे ढककर पिता अपनी गोदीमें बैठाले और इन आगे लिखे ' कूकुरस्तु कूर्कुरः कूर्कुरो बालबन्धनः चेच्चेच्छुनक सृजनमस्ते अस्तु सीसरोलपेतापह्वरत्सत्यं यत्ते देवा वरमददुः सत्त्वं कुमारमेव वावृणीथाः चेच्चेच्छुनक सृज नमस्ते अस्तु सीसरोलपेतापह्वरत्सत्यं यत्ते सरमा माता सीसरः पिता श्यामशबलौ भ्रातरौ चेच्चेच्छुनक सृज नमस्ते अस्तु सीसरोल-पेतापह्वरेति जपः । न नामयति न रोदिति न हृष्यति न ग्लायति यत्र वयं वदामो यत्र चाभिमृशामसि '' इत्यभिमृशति मंत्रोंको जपे ।

इति श्रीकान्यकुब्जवंशावतंसमुरादाबादनिवासि-स्वर्गीयमिश्रसुखानन्दसूरिसुत-पण्डित-कन्हैयालालमिश्रकृतभाषाटीकायां जातकर्मसंस्कारः समाप्तः ॥ ४ ॥

अथ नामकर्म ।

अथ दशमेऽहनि सूतिकां चोत्थाप्यैकादशेऽहनि विहितदिनांतरे वा पिता नाम कुर्यात् तत्र प्रथमं मातृपूजाभ्युदयिकादि कृत्वा ब्राह्मणान् भोजयेत् । कुमारं संस्नाप्य अहतवासः परिधाप्य कृतस्वस्त्ययनं प्राङ्मुखं दक्षिणकर्णे अमुकशर्मासीति त्रिः श्रावयति । अथ आयुर्वेदात्मंत्रः । ॐ अंगादंगात्संभवसि हृदयादधिजायसे आत्मा वै पुत्रनामासि स जीव शरदः शतम् । नाम द्व्यक्षरं चतुरक्षरं सुखोद्यं शर्मांतं ब्राह्मणस्य वर्मांतं क्षत्रियस्य गुप्तांतं वैश्यस्य दासांतं शूद्रस्य ॥ इति नामकर्म ॥ ९ ॥

अब नामकर्मसंस्कार कहा जाता है । दशवें दिन सूतिकाको स्नान कराकर घरको (झाड बुहार लीप पोतकर) शुद्ध करे । फिर ग्यारहवें दिन नामकरण संस्कार करना चाहिये । यदि कदाचित् उस दिन न होसके तो जिस दिनको निश्चय कर लिया है उसी दिन कर देवे । उस दिन पहले मातृपूजा और नान्दीमुखश्राद्ध करके ब्राह्मणोंको भोजन करावे फिर बालकको स्नान कराकर नवीन वस्त्र पहरावे । अनन्तर स्वस्तिवाचनपूर्वक पूर्वको मुख किये हुए बालकके दाहिने कानमें 'अमुक शर्मासि' ऐसा तीन बार सुनावे और फिर आगे ' ॐ अंगादंगात्सम्भवसि हृदयादधिजायसे आत्मा वै पुत्रनामासि सजीव शरदः शतम् ' मंत्रका पाठ करे ब्राह्मणके पुत्रका नाम दो अक्षरयुक्त चार अक्षरयुक्त सहजही उच्चारण करने योग्य और शर्मान्त करे अर्थात् नामके अन्तमें शर्मापद जोड देना चाहिये । क्षत्रियका वर्मान्त नाम करण करे अर्थात् उसके नामके पीछे वर्मा पद जोड देना चाहिये । वैश्यका गुप्तान्त नामकरण करे अर्थात् वैश्यके नामके अन्तमें गुप्त पद जोड देना चाहिये और शूद्रका दासान्त नामकरण करे अर्थात् शूद्रके नामके अन्तमें दासपद जोड देना चाहिये ।

इति श्रीकान्यकुब्जवंशावतंसमुरादाबादनिवासि-मिश्रसुखानंदसूरिसूनु-पण्डित-कन्हैयालालमिश्रकृतभाषाटीकायां नामकर्मसंस्कारः समाप्तः ॥ ९ ॥

आगे ...

अथ निष्क्रमणम् ।

तत्र चतुर्थे मासि चंद्रतारानुकूले दिने स्नातमलंकृतं शिशुं गृहाद्बहिरानीय पितान्यो वा ब्राह्मणः सूर्यमुदीक्षयति ॐ तच्चक्षुरित्यादिमंत्रेण तत्र फलपुष्पान्वितपयसा भास्करस्य अर्घो देय इति निष्क्रमणम् ॥ ६ ॥

अथान्नप्राशनम् ।

तत्र षष्ठे मासि चंद्रतारानुकूलशुभदिने स्नातः शुचिराचांतः शुक्लाद्विवासाः पिता सूतिकागृह एव कुशकंडिकां कुर्यात् तत्र कुशैर्हस्तपरिमितचतुरस्रभूमिं परिसमूह्य तानैशान्यां निक्षिप्य गोमयोदकेनोपलिप्य स्फ्येन स्रुवेण वा प्रादेशमात्रमुत्तरोत्तरक्रमेण प्रागग्रं त्रिरुल्लिख्य उल्लेखन-

---

अब निष्क्रमण संस्कार लिखा जाताहै । यह संस्कार चौथे महीनेमें और चन्द्र ताराकी अनुकूलताके दिन करना चाहिये । प्रथम बालकको स्नान कराकर नवीन गहने और वस्त्र पहिराय पिता या कोई दूसरा पुरुष उसको बाहर ले जावे और फिर इस आगे लिखे ' ॐ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्र० ' इत्यादि मन्त्रका उच्चारण करके बालकको सूर्यनारायणका दर्शन करावे । फिर उपरोक्त मन्त्रका पाठ कर चुकनेपर फल पुष्प गन्धयुक्त जलके द्वारा भगवान् सूर्यको अर्घ्य देना चाहिये ।

इति श्रीकान्यकुब्जवंशावतंसमुरादाबादनिवासि-स्वर्गीयमिश्रसुखानन्दसूरिसूनु-पण्डित-कन्हैयालालमिश्रकृतभाषाटीकायां निष्क्रमणसंस्कारः समाप्तः॥ ६ ॥

अब अन्नप्राशन संस्कार लिखा जाता है । यह संस्कार छठे महीनेमें जिस दिन चन्द्र और तारा अनुकूल हो उसी शुभ दिनमें करना चाहिये । उस दिन पिता प्रातःकाल स्नानपूर्वक शुद्ध हो आचमन करके पवित्र हो सफेद वस्त्र धारणपूर्वक जिस घरमें बालकका जन्म हुआ हो उसी घरमें चौखूंटी वेदी बनावे और उससे वेदीको तीन कुशोंसे बुहारकर उन कुशोंको ईशान दिशामें फेंक देवे । फिर गोबरसे वेदीको लीपकर स्फ्यनामक यज्ञपात्र अथवा स्रुवेसे क्रमशः प्रादेशप्रमाण तीन रेखा करके अनामिका और अंगुष्ठसे रेखा खैंचनेके क्रमानुसार मिट्टी उठाकर फेंक

क्रमेणानामिकांगुष्ठाभ्यां मृदं समुद्धृत्य वारिणा तं देशमभ्युक्ष्य कांस्यपात्रस्थं वह्निं प्रत्यङ्मुखमुपसमाधाय ॐ अद्यकर्तव्यान्नप्राशनहोमकर्मणि कृताकृतावेक्षणरूपब्रह्मकर्म कर्तुममुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचंदनतांबूलवासोभिर्ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे इति ब्रह्माणं वृणुयात् ॐ वृतोऽस्मीति प्रतिवचनं ॐ यथाविहितं कर्म कुर्विति यजमानेनोक्ते ॐ करवाणीति तेनोक्ते अग्नेर्दक्षिणतः शुद्धमासनं निधाय तदुपरि प्रागग्रान् कुशानास्तीर्य अग्निं प्रदक्षिणं कारयित्वा ब्रह्माणमुदङ्मुखं तत्रोपवेश्यास्मिन्नन्नप्राशनहोमकर्मणि त्वं मे ब्रह्मा भवेत्यभिधाय ॐ भवानीति तेनोक्ते प्रणीतापात्रं पुरतः कृत्वा वारिणा परिपूर्य कुशैराच्छाद्य ब्रह्मणो मुखमवलोक्याग्नेरुत्तरतो निदध्यात् । ततः परिस्तरणम् । बर्हिषश्चतुर्थभागमादायाग्नेयादीशानांतं ब्रह्मणोऽग्निपर्यंतं नैर्ऋत्याद्वायव्यांतं

देवे । फिर जलसे वेदीको सेचन करे । अनन्तर कांसीके पात्रमें अग्निको लेकर पूर्वकी ओर उसका मुख करके स्थापन करे । फिर आगे लिखे 'ॐअद्य कर्तव्यान्नप्राशनहोमकर्मणि कृताकृतावेक्षणरूपब्रह्मकर्म कर्तुममुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचन्दनताम्बूलवासोभिर्ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे ' इस संकल्पको उच्चारण करके ब्रह्माका वरण करे तब ब्रह्मा उस पुष्पादि सामग्रीको लेकर ' ॐ वृतोऽस्मि ' कहे फिर यजमानके ' ॐ यथाविहितं कर्म कुरु ' ऐसा कहनेपर ब्रह्मा ' ॐ करवाणि ' ऐसा कहे । फिर अग्निके दक्षिणकी तरफ चौकी इत्यादि शुद्ध आसन बिछावे और उसपर पूर्वको अग्रभाग करके कुशा बिछावे और फिर ब्रह्मासे अग्निकी प्रदक्षिणा कराकर और उत्तरकी तरफ मुख कराकर उसपर ब्रह्माको बैठाल देवे और कहे कि ' अस्मिन्नन्नप्राशनहोमकर्मणि त्वं मे ब्रह्मा भव ' तब इसके उत्तरमें ब्रह्मा ' ॐभवानि ' ऐसा कहे तत्पश्चात् यजमान प्रणीतापात्रको अपने आगे रखकर जलसे भर देवे और कुशोंसे उसको ढक देवे और ब्रह्माका मुख देखकर अग्निके (वेदीके) उत्तरकी ओरको रख देवे । इसके पीछे परिस्तरण करना चाहिये । एक मुट्ठी कुशा लेकर उसके चारभाग करे । पहले भाग

अग्नितः प्रणीतापर्यंतम् । ततोऽग्नेरुत्तरतः पश्चिमदिशि पवित्रच्छेदनार्थं कुशत्रयं पवित्रकरणार्थं साग्रमनंतर्गर्भितकुशपत्रद्वयं प्रोक्षणीपात्रं आज्यस्थाली चरुस्थाली संमार्जनकुशाः उपयमनकुशाःप्रादेशमितपलाशसमिधस्तिस्रः स्रुवः आज्यं षट्पंचाशदुत्तरयजमानमुष्टिशतद्वयावच्छिन्नतंडुलपूर्णपात्रं चर्वर्थास्तंडुला एतानि पवित्रच्छेदनकुशानां पूर्वपूर्वदिशि क्रमेणासादनीयानि । ततः पवित्रच्छेदनकुशैर्यजमानःप्रादेशमितपवित्रच्छेदनं सपवित्रकरेण प्रणीतोदकं त्रिः प्रोक्षणीपात्रे निधाय द्वाभ्यामनामिकांगुष्ठाभ्यामुत्तराग्रे पवित्रे गृहीत्वा त्रिरुत्पवनं ततः प्रोक्षणीपात्रं सव्यहस्तेन गृहीत्वा दक्षिणानामिकांगुष्ठाभ्यां पवित्रे गृहीत्वा त्रिरुदिंगनं ततः प्रणीतोदकेन प्रोक्षणीपात्रमभ्युक्ष्य प्रोक्षणीजलेनासादितवस्तुसेचनम् । अग्निप्रणीतयोर्मध्ये प्रोक्षणीपात्रं निदध्यात् । ततः

द्वारा अग्निकोनसे ईशान कोनतक, दूसरे भागद्वारा ब्रह्माके आसनसे अग्निपर्यन्त तीसरे भागद्वारा नैर्ऋतकोनसे वायव्यकोनतक और चौथे भागको अग्नि (वेदी) से लेकर प्रणीतापात्रतक बिछा देवे । फिर अग्निके उत्तरकी ओर पश्चिम दिशामें पवित्र छेदनके लिये तीन कुशा रक्खे । पवित्र बनानेके लिये अग्रभागसहित तथा बीचके पत्तेसे रहित (अर्थात् जिनके भीतर अन्य कुश न हों) दो कुशपत्र रखने चाहिये । फिर प्रोक्षणीपात्र, आज्यस्थाली, चरुस्थाली, पाँच संमार्जन कुशा, तीनसे लेकर तेरहतक उपयमनकुशा, प्रादेशप्रमाण (बिलस्तरभर लंबी) ढाककी तीन समिधा, स्रुवा, घृत, दो सौ छप्पन मुट्ठी चावलोंसे भरा हुआ पूर्णपात्र और चरुके निमित्त चावल इन सब वस्तुओंको क्रमशः पवित्रच्छेदनकी कुशाओंके पूर्वपूर्वकी ओर रखता जावे । फिर पवित्रच्छेदनकी कुशाओंसे यजमान प्रादेशप्रमाण पवित्रच्छेदनपूर्वक पवित्रोंको हाथमें ग्रहण कर प्रणीताके जलको तीन वार प्रोक्षणीपात्रमें डाले । अनन्तर अनामिका और अंगुष्ठसे पवित्रोंको पकडकर तीन बार प्रोक्षणीके जलको उछाले फिर प्रोक्षणीपात्रको बायें हाथमें रख दाहिने हाथके अनामिका और अंगुष्ठद्वारा पवित्रोंको ग्रहण करके तीन बार प्रोक्षणीका जल ऊपरको

आज्यस्थाल्यामाज्यं निरूप्य प्रणीतोदकेन तंडुलान्प्रक्षाल्य चरुपात्रे प्रणीतोदकं दत्त्वा तत्र तंडुलान् प्रक्षिप्य स्वयं चरुं गृहीत्वा ब्रह्मा चाज्यवह्नावुत्तरतश्चरुं दक्षिणतः आज्यं निदध्यात् । ततः सिद्धे चरौ तृणादि प्रज्वाल्य उभयोरुपरि प्रदक्षिणं भ्रामयित्वा वह्नौ तत्प्रक्षेपः। ततस्त्रिः स्रुवप्रतपनम् । संमार्जनकुशानामग्रैरंतरतो मूलैर्बाह्यतः स्रुवं संमृज्य प्रणीतोदकेनाभ्युक्ष्य पुनस्त्रिः प्रतप्य दक्षिणतो निदध्यात् तत आज्यमग्नितश्चरोः पूर्वेणानीयाग्रे धृत्वा आज्यपश्चिमेन चरुमानीयाज्यस्योत्तरतो निदध्यात् । तत आज्यस्य प्रोक्षणीवत्त्रिरुत्पवनं अवेक्ष्य

फेंके। तिसके पीछे प्रणीताके जलसे प्रोक्षणीका सेचन करे फिर प्रोक्षणीके जलसे पूर्व स्थापन करी हुई सब वस्तुओंको सेचन करे। पश्चात् अग्नि (वेदी) और प्रणीताके बीचमें प्रोक्षणीपात्रको रखदेवे । अनन्तर आज्यस्थालीमें घृत डालकर प्रणीताके जलसे चरुके निमित्त रक्खे हुए चावलोंको धोवे और चरु पकानेके पात्रमें प्रणीताका जल डालकर फिर उसमें चावलोंको डाल देवे पीछे यजमान चरुपात्रको उठाकर और ब्रह्मा घृतपात्रको लेकर अग्निमें उत्तरकी तरफको चरु और दक्षिणकी तरफ घृतको रख देवे। फिर चरुके पक जानेपर एक तिनकेको बाले और उसको चरु तथा घृतके ऊपर दक्षिणतरफसे घुमाता हुआ अग्निमें डाल देवे । तत्पश्चात् स्रुवेको तीन बार अग्निमें तपाना चाहिये फिर संमार्जन कुशाओंके अग्रसे स्रुवेके भीतर और मूलभागसे बाहरकी तरफ स्रुवेको झाडे अर्थात् शुद्ध करे। अनन्तर प्रणीताके जलसे स्रुवेको छिडककर फिर तीन बार तपाकर (वेदीके) दक्षिणकी ओर रख देवे । फिर घृतको अग्निमेंसे उठाकर और उसको चरुके पूर्वभागसे लाकर अपने आगे रक्खे और फिर घृतके पश्चिमकी तरफसे चरुको लाकर घृतके उत्तरकी ओर रख देवे पश्चात् प्रोक्षणीकी तरह तीन बार पवित्रोंसे उछाले और देखे यदि उसमें कोइ

सत्यपद्रव्ये तन्निरसनं ततः प्रोक्षण्युत्पवनं तत उत्थाय उपयमनकुशा-न्वामहस्ते कृत्वा प्रजापतिं मनसा ध्यात्वा तूष्णीमग्नौ घृताक्ताः समि-धस्तिस्रः प्रक्षिपेत् तत उपविश्य सपवित्रप्रोक्षण्युदकेन प्रदक्षिणक्रमेणाग्निं पर्युक्ष्य प्रणीतापात्रे पवित्रे निधाय ब्रह्मणान्वारब्धः पातितदक्षिणजानुः समिद्धतमेऽग्नौ जुहुयात् । तत्र प्रथमाहुतिचतुष्टये तत्तदाहुत्यनंतरं स्रुवा-वस्थितहुतशेषस्य प्रोक्षणीपात्रे प्रक्षेपः ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजाप-तये० । इति मनसा । ॐ इंद्राय स्वाहा इदमिंद्राय० । इत्याघारौ । ॐ अग्न-ये स्वाहा इदमग्नये० । ॐ सोमाय स्वाहा इदं सोमाय० । इत्याज्यभागौ । ततोऽनन्वारब्धेनासाधारणासाधारणाहुतिद्वयम् तत्र प्रथमाहुतिमंत्रः ॐ देवीं वाचमजनयंत देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदंति सानो मंद्रेषमूर्जं

मक्खी इत्यादि अशुभ वस्तु पडी हो तो उसको निकालकर बाहर फेंक देवे फिर प्रोक्षणीके जलको भी उछाले और फिर यजमान खडा होकर उपयमन कुशाओंको बायें हाथमें ग्रहणपूर्वक मनसे प्रजापतिका ध्यान करता हुआ तीनों समिधाओंको घृतमें भिगोकर स्वाहा मंत्रके सहित चुपचाप अग्निमें डालदेवे । तदनन्तर आसनमें बैठकर पवित्रोंके साथ प्रोक्षणीका जल हाथमें ग्रहणपूर्वक दक्षिण क्रमसे अग्निके चारों तरफ छिडके फिर पवित्रोंको प्रणीतापात्रमें रख देवे अनन्तर ब्रह्मासे मिलकर और दाहिनी जानुको नवायकर जलती हुई अग्निमें होम करे । पहली चार आहुति देनेके अनन्तर स्रुवेमें शेष रहे घृतको प्रोक्षणी-पात्रमें डालता जाय । ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये० । इति मनसा । ॐ इन्द्राय स्वाहा इदं इन्द्राय० । इत्याघारौ । ॐ अग्नये स्वाहा इदं अग्नये० । ॐ सोमाय स्वाहा इदं सोमाय० । इत्याज्यभागौ[1] । फिर ब्रह्मासे मिलेहुए यजमानको आगे लिखे मन्त्रोंसे साधारण और असाधारण दो आहुति देनी चाहिये । तिनमें पहली आहुतिका मन्त्र निम्न लिखित जानना ॐ देवीं वाच-मजनयन्त देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति । सानो मन्द्रेषमूर्जं दुहाना धेनुर्वा-

---

१ यह दो आहुति आज्यभाग कहाती हैं।

दुहाना धेनुर्वागस्मानुपसुष्टुतैतु: । इदं वाचे० । द्वितीयाहुतिस्तु ॐ देवीं वाचमित्यादिमंत्रः ॐ वाजो नो अ द्य प्रसुवाति दानं वाजो देवा॰ ऋतुभिः कल्पयाति । वाजो हि मा सर्ववीरं जजान विश्वा आशा वाजपतिर्जयेय॰ स्वाहा इदं वाचे वाजाय: । इति मंत्राभ्याम् । ततःस्थालीपाकेनाहुतिचतुष्टयम् ॐ प्राणेनान्नमशीय स्वाहा इदं प्राणाय० ।ॐ अपानेन गंधमशीय स्वाहा इदमपानाय० । ॐ चक्षुषा रूपाण्यशीय स्वाहा इदं चक्षुषे० । ॐ श्रोत्रेण यशोऽशीय स्वाहा इदं श्रोत्राय० । ततो ब्रह्मणान्वारब्धकर्तृको होमः तत्र तत्तदाहुत्यनंतरं स्रुवावस्थितहुतशेषद्रव्यस्य प्रोक्षणीपात्रे प्रक्षेपः । तत्रैवाज्यस्थालीपाकाभ्यां स्विष्टकृतम् ।ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा इदमग्नये स्विष्टकृते० । तत आज्येन ॐ भूः स्वाहा इदमग्नये० ।

गस्मानुप्रसुष्टुतैतु० इदं वाचे स्वाहा । और दूसरी आहुतिका वही पहला ' ॐ देवीं वाचमित्यादि ' मन्त्र जिससे कि प्रथम आहुति दी गई है और एक यह देवा॰ ऋतुभिः कल्पयाति । वाजो हि मा सर्ववीरं जनान विश्वा आशा वाजपतिर्जयेय॰ स्वाहा इदं वाचे वाजाय० ' अर्थात् पहली आहुतिका मन्त्र और एक दूसरा मंत्र इन दोनोंको मिलाकर दूसरी आहुति देनी चाहिये । इसके अनन्तर स्थालीपाकमें घृत मिलाकर आगे लिखे ' ॐ प्राणेनान्नमशीय स्वाहा इदं प्राणाय० । ॐ अपानेन गन्धमशीय स्वाहा इदमपानाय० । ॐ चक्षुषा रूपाण्यशीय स्वाहा इदं चक्षुषे० । ॐ श्रोत्रेण यशोऽशीय स्वाहा इदं श्रोत्राय० । मन्त्रसे स्थालीपाक चरुकी चार आहुति देवे । इसके आगेका हवन भी ब्रह्मासे मिलकरही किया जाता है प्रत्येक आहुतिके अनन्तर स्रुवेमें बची हुई वस्तुको प्रोक्षणीपात्रमें डालना चाहिये । अब प्रथम घृत और चरु इन दोनोंसे आगे लिखे ' ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा इदमग्नये स्विष्टकृते ' मन्त्रद्वारा स्विष्टकृत आहुति देवे । फिर घृतद्वारा आगे लिखे भूरादि मन्त्रोंसे नव आहुति देवे

---

१ यह दोनों आघार आहुति कहलाती हैं ।

ॐ भुवः स्वाहा इदं वायवे न० । ॐ स्वः स्वाहा इदं सूर्याय न० । एता महाव्याहृतयः । ॐ त्वंनो अग्ने वरुणस्य विद्वान् देवस्य हेडो अव यासिसीष्ठाः । यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो विश्वा द्वेषाᳬसि प्रमुमुग्ध्यस्मत्स्वाहा इदमग्नीवरुणाभ्यां० । ॐ स त्वन्नो अग्नेऽवमो भवोती नेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ । अव यक्ष्व नो वरुणᳬ रराणो वीहि मृडीकᳬ सुहवो न एधि स्वाहा इदमग्नीवरुणाभ्यां० । ॐ अयाश्चाग्नेस्यनभिशस्तिपाश्च सत्वमित्वमया असि । अयानो यज्ञं वहास्ययानो धेहि भेषजᳬ स्वाहा इदमग्नये० । ये ते शतं वरुण ये सहस्रं यज्ञियाः पाशा वितता महांतः । तेभिर्नो अद्य सवितोत विष्णुर्विश्वे मुंचंतु मरुतः स्वर्काः स्वाहा इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यः० । ॐ उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं विमध्यमᳬ श्रथाय । अथा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितये स्याम स्वाहा इदं वरुणाय० । इति सर्वप्रायश्चित्तम् । ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये० । इति मनसा । इति प्राजापत्यम् । अथ संस्रवप्राशनम् ।

ॐ भूः स्वाहा इदमग्नये० । ॐ भुवः स्वाहा इदं वायवे न० । ॐ स्वः स्वाहा इदं सूर्याय न० । एता महाव्याहृतयः । ॐ त्वन्नो अग्ने वरुणस्य विद्वान् देवस्य हेडो अव यासिसीष्ठाः । यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो विश्वा द्वेषाᳬसि प्रमुमुग्ध्यस्मत्स्वाहा इदमग्नीवरुणाभ्याम्० । ॐ स त्वन्नो अग्नेऽवमो भवोती नेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ । अव यक्ष्व नो वरुण ᳬ रराणो वीहि मृडीक ᳬ सुहवो न एधि स्वाहा इदमग्नीवरुणाभ्यां० । ॐ अयाश्चाग्नेस्यनभिशस्तिपाश्च सत्वमित्वमया असि । अयानो यज्ञं वहास्ययानो धेहि भेषज ᳬ स्वाहा इदमग्नये० । ॐ ये ते शतं वरुण ये सहस्रं यज्ञियाः पाशा वितता महांतः तेभिर्नो अद्य सवितोत विष्णुर्विश्वे मुंचंतु मरुतः स्वर्काः स्वाहा इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यश्च० । ॐ उदुत्तमं वरुणपाशमस्मदवाधमं विमध्यम ᳬ श्रथाय । अथा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितये स्याम स्वाहा इदं वरुणाय० । इति सर्वप्रायश्चितम् । ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये० । इति

तत आचम्यओमद्य कृतैतदन्नप्राशनहोमकर्मणिकृताकृतावेक्षणरूपब्रह्म-कर्मप्रतिष्ठार्थमिदं पूर्णपात्रं प्रजापतिदैवतममुकगोत्रायामुकशर्मणे ब्राह्म-णाय ब्रह्मणे दक्षिणां तुभ्यमहं संप्रददे इति दक्षिणां दद्यात्। ॐ स्वस्तीति प्रतिवचनम् । ततः प्रणीताविमोकः । ॐ सुमित्रिया न आप ओषधयः संतु इति पठित्वा पवित्राभ्यां प्रणीताजलमानीय तेन शिरः संमृज्य ॐ दुर्मित्रियास्तस्मै संतु योऽस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः इत्यैशान्यां प्रणी-तान्युब्जीकरणम् ततस्तरणक्रमेण बर्हिरुत्थाप्याज्येनाभिघार्य हस्तेनैव जुहुयात् ।ॐ देवा गातुविदो गातुं वित्वा गातुमित मनसस्पत । इमं देव यज्ञ ँ स्वाहा व्वाते धाः स्वाहा । इति बर्हिर्होमः अथ सर्वान् कटु-मधुरलवणादिरसान्सर्वाणि च शाल्यादीन्यन्नानि यथासंभवमुद्धृत्यैकस्मि-

---

मनसा । इति प्राजापत्यम् । अनन्तर प्रोक्षणीपात्रके जलको यत् किंचित् पान करे फिर शुद्ध जलसे आचमन करे पुनः आगे लिखे हुए ' ओमद्य कृतैतदन्न-प्राशनहोमकर्मणि कृताकृतावेक्षणरूपब्रह्मकर्मप्रतिष्ठार्थमिदं पूर्णपात्रं प्रजापति-दैवतममुकगोत्रायामुकशर्मणे ब्राह्मणाय ब्रह्मणे दक्षिणां तुभ्यमहं संप्रददे ' ऐसा संकल्प करके पूर्णपात्रका दान करके ब्रह्माको देवे । तब ब्रह्मा ' ॐ स्वस्ति ' कहकर उसको ग्रहण करे । फिर पवित्रोंसे प्रणीतापात्रके जलको लेकर आगे लिखे ' ॐ सुमित्रिया न आप ओषधयः सन्तु ' मन्त्रसे अपने शिरमें छिडके । अनन्तर आगे लिखे ' ॐ दुर्मित्रियास्तस्मै सन्तु योऽस्मान्द्वेष्टि यश्च वयं द्विष्मः ' मंत्रसे प्रणीतापात्रको ईशानकोनमें उल्टा कर देना चाहिये । इसके पीछे स्तरणक्रमसे अर्थात् जिस क्रमसे कुश बिछाये थे उसी क्रमसे कुशोंको उठाकर घृतमें भिगोवे और फिर उनको हाथसे ही आगे लिखे ' ॐ देवा गातुविदो गातुं वित्वा गातुमित मनसस्पत । इदं देव यज्ञ ँ स्वाहा वाते धाः स्वाहा ' इस मन्त्रद्वारा अग्निमें होम कर देवे आगे लि फिर सब प्रकारके कडवे, तीखे, कसैले, मीठे, खट्टे, लवण रसोंको, सब प्रकारके चावल इत्यादि अन्नको, जिस परिमाणसे घरमें बनाये गये हों, उस

त्तमपात्रे कृत्वाकृतस्नानादिरलंकारादियुतो बालस्तूष्णीं ॐ हंत इति मंत्रेण वा अन्नपतेऽन्नस्य नो देह्यनमीवस्य शुष्मिणः प्रप्रदातारं तारिष ऊर्ज्जन्नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे इत्यनेन वा प्राशनीयम् । अथ कुमारस्य वाक्प्रसरणकामेन भरद्वाजमांसेन अन्नाद्यकामेन कपिंजलमांसेन मत्स्येन जवनकामस्य आयुःकामेन कृकलासमांसेन ब्रह्मवर्चसकामेन आटिमांसं सर्वफलकामेन क्वथितसर्वमांस कपिंजलः कटुआ गौरतित्तिर इति केचित् । अलाभे पिष्टकमयानां भरद्वाजप्रभृतीनामेकदेशः प्राशयितव्यः । तत आचम्योत्थाय फलमूलपुष्पसमन्वितघृतेन स्रुवं परिपूर्य ॐ मूर्धानं दिवो अरतिं पृथिव्या वैश्वानरमृत आजातमग्निम् । कवित्त सम्राजमातिथिं जनानामासन्ना पात्रं

सबमेंसे थोडा थोडा एक उत्तम पात्रमें परोसकर स्नानपूर्वक शुद्ध नवीन वस्त्र पहराये हुए बालकको चुपचाप 'ॐ हन्त' या आगे लिखे 'अन्नपतेऽन्नस्य नो देह्यनमीवस्य शुष्मिणःप्रप्रदातारं तारिष ऊर्ज्जन्नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे' मन्त्रसे उस पात्रमें रक्खे हुए सब अन्न चटा देवे । यहाँ विशेषता यह है यदि पिता इच्छा करे कि यह मेरा बालक उत्तम वक्ता हो तो भारद्वाज (पक्षी विशेष) के मांससे उसको प्राशन कराना चाहिये । यदि बालकके विशेष अन्नशाली होनेकी कामना हो तो कपिञ्जल (पक्षी) के मांससे प्राशन कराना चाहिये । यदि पुत्रके वेगवान् होनेकी चाहना हो तो मत्स्यमांस द्वारा, विशेष दीर्घायु होनेकी लालसा होनेपर कृकलास (गिरगट) के मांस द्वारा और पुत्रके ब्रह्मतेजस्वी होनेकी अभिलाषा होनेपर सफेद तीतरके मांससे प्राशन कराना चाहिये । यदि बालकके सर्वगुणसम्पन्न होनेकी अभिलाषा हो तो उसको सब प्रकारके भक्ष्य मांसद्वारा प्राशन कराना चाहिये । यदि उपरोक्त मांस न मिल सके तो आटे द्वारा उन उन पक्षियोंका आकार (मूर्ति) बनाकर उसके कुछ अंशको प्राशन करा देवे फिर आचमनपूर्वक स्रुवेमें फल मूल पुष्प घृत भरकर खडा होजाय और आगे लिखे 'ॐ मूर्द्धानं दिवो अरतिं पृथिव्या वैश्वानरमृत आजातमग्निम् । कवि-

जनयंत देवाः स्वाहा। इति मंत्रेण पूर्णाहुतिं दद्यात्। तत उपविश्य भस्मानीय दक्षिणानामिकाग्रगृहीतभस्मना ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेरिति ललाटे ॐ कश्यपस्य त्र्यायुष्यमिति ग्रीवायां ॐ यद्देवेषु त्र्यायुषमिति दक्षिणबाहुमूले ॐ तन्नो अस्तु त्र्यायुषमिति हृदि। अनेनैव क्रमेण कुमारललाटादावपि तन्नो इत्यत्र तत्ते अस्त्विति विशेषः। ततो दूर्वाक्षतादिदानं ब्राह्मणानां भोजनं च। इत्यन्नप्राशनम् ॥ ७ ॥

अथ चूडाकर्म।

तच्च पूर्णवर्षे तृतीये वा असंपूर्णे उपनीत्या सह वा यथाचारं उगदयनआपूर्यमाणपक्षे शुक्रास्तादिदोषरहितरिक्तादिदोषरहितसोमगुरुबुध-

---

सम्राजमतिथिं जनानामासन्ना पात्रं जनयंत देवाः स्वाहा' इस मन्त्रसे पूर्णाहुति देवे। तत्पश्चात् आसनमें बैठकर स्रुवेमें होमकी भस्म लगावे और फिर अनामिका अंगुली द्वारा उस स्रुवेकी भस्म लेकर 'ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेः' उच्चारण करके माथेमें, 'ॐ कश्यपस्य त्र्यायुषं' कहकर गलेमें, 'ॐ यद्देवेषु त्र्यायुषं' पढकर दक्षिणबाहुमूलमें और 'ॐ तन्नो अस्तु त्र्यायुषं' ऐसा बोलकर उस भस्मको हृदयमें लगा लेना चाहिये। इस प्रकार पिता अपने भस्म लगाकर फिर ऐसेही पुत्रके भी लगावे किन्तु जब पुत्रके भस्म लगावे तब 'तन्नो अस्तु' के स्थानमें 'तत्ते अस्तु' ऐसा उच्चारण करे। फिर ब्राह्मणोंसे दूर्वा अक्षत पुष्पादि द्वारा आशीर्वाद ग्रहण करे इसके उपरान्त ब्राह्मणोंको भोजन कराना चाहिये।

इति श्रीमुरादाबादनिवासिकान्यकुब्जवंशावतंसस्वर्गीयमिश्रसुखानन्दसूरिनन्दसूनुपण्डित-कन्हैयालालमिश्रकृतभाषाटीकायामन्नप्राशनसंस्कारः समाप्तः ॥ ७ ॥

अब चूडाकरणसंस्कार लिखा जाता है। यह चूडाकरणसंस्कार वर्षके पूर्ण हो जानेपर अथवा तीसरे वर्ष या यज्ञोपवीत संस्कारके साथ अपने यहाँकी रीतिके अनुसार किया जाता है। चूडाकरण संस्कार उत्तरायण शुक्लपक्ष और शुक्रादिके अस्तरहित समयमें तथा रिक्तातिथिरहित समयमें और सोम,

शुक्रान्यतमवारविहितनक्षत्रसमन्वितायां तिथौ कृतनित्यक्रियो यजमानो मातृपूजाभ्युदयिकादि कृत्वा मंडपे परिष्कृतभूमौ कुशकंडिकामारभेत् तत्र क्रमः । कुशैर्हस्तमितां भूमिं परिसमूह्य तानैशान्यां परित्यज्य गोमयोदकेनोपलिप्य स्रुवमूलेन प्रादेशमात्रं त्रिरुल्लिख्य उल्लेखनक्रमेणानामिकांगुष्ठाभ्यांमृदमुद्धृत्य वारिणा तं देशमभ्युक्ष्य कांस्यपात्रेणाग्निमानीय प्रत्यङ्मुखमग्नेरुपसमाधानं कुर्यात् । ततोऽग्नेः पश्चिमतो यजमानदक्षिणादिशि स्नापितमहतवासः परिधाप्य कुमारमंके निधाय माता उपविशति । ततः पुष्पचंदनताम्बूलवासांस्यादाय ॐ अद्य कर्तव्यचूडाकरणहोमकर्माणि कृताकृतावेक्षणरूपब्रह्मकर्म कर्तुममुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचंदनतांबूलवासोभिर्ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे इति

गुरु, बुध तथा शुक्र इन वारोंमें और ज्योतिषशास्त्रोक्त चूडाकर्म कथित नक्षत्रयुक्त तिथिमें होना चाहिये । उस दिन यजमान स्नान तथा नित्यकर्म करके मातृपूजा और नान्दीमुख श्राद्ध कर रचे हुए मण्डपकी शुद्ध भूमिमें वेदी बनायकर कुशकण्डिकाका आरंभ करे । प्रथम तीन कुशाओंसे वेदीको परिष्कार (साफ) करे और फिर उन कुशाओंको ईशानकोनमें फेंक देवे । अनन्तर गोबरमें जल मिलाकर वेदीको लीपे फिर स्रुवेसे प्रादेशप्रमाण तीन रेखा खैंचकर रेखा खैंचनेके क्रमानुसार अनामिका और अंगुष्ठ द्वारा उन रेखाओंमेंसे मिट्टी उठाकर ईशानकोनमें डाल देवे तत्पश्चात् वेदीको जलसे सेचन करना चाहिये और काँसीके पात्रमें अग्नि लाकर उसको पश्चिमाभिमुख करके वेदीमें स्थापन करे । फिर अग्निके पश्चिमकी तरफ आसन बिछाकर यजमान नवीन वस्त्र पहरकर उसपर बैठे पश्चात् बालकको स्नान कराय नवीन वस्त्र पहराय माता अपनी गोदीमें लेकर पतिके दाहिनी तरफ बैठे तदनन्तर पुष्प, चन्दन, ताम्बूल तथा वस्त्र लेकर यजमान आगे लिखेहुए 'ॐ अद्य कर्तव्यचूडाकरणहोमकर्माणि कृताकृतावेक्षणरूपब्रह्मकर्म कर्तुममुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचन्दनताम्बूलवासोभिर्ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे' इस संकल्पको उ-

ब्रह्माणं वृणुयात् ॐ वृतोऽस्मीति प्रतिवचनम् ॐ यथाविहितं कर्म कुर्विति यजमानेनोक्ते ॐ करवाणीति प्रतिवचनम् । ततो यजमानोऽग्ने- र्दक्षिणतः शुद्धमासनं दत्त्वा तदुपरि प्रागग्रान् कुशानास्तीर्याग्निं प्रद- क्षिणं कारयित्वा अस्मिन्कर्मणि त्वं मे ब्रह्मा भवेत्यभिधाय ॐ भवा- नीति तेनोक्ते ब्रह्माणमुदङ्मुखं तत्रोपवेश्य प्रणीतापात्रं पुरतः कृत्वा वारिणा परिपूर्य कुशैराच्छाद्य ब्रह्मणो मुखमवलोक्याग्नेरुत्तरतः कुशो- परि निदध्यात् । ततः परिस्तरणं बर्हिषश्चतुर्थभागमादायाग्नेयादीशानातं ब्रह्मणोऽग्निपर्यंतं नैर्ऋत्याद्वायव्यांतं अग्नितःप्रणीतापर्यंतं ततोऽग्नेरुत्तरतः पश्चिमादिशि पवित्रच्छेदनार्थं कुशत्रयं पवित्रकरणार्थं साग्रमनंतर्गर्भित- कुशपत्रद्वयं प्रोक्षणीपात्रं आज्यस्थाली संमार्जनकुशाः समिधास्तिस्रः

रण पूर्वक ब्रह्माका वरण करे तब ब्रह्मा उस पुष्पादि सामग्रीको लेकर 'ॐ वृतोऽस्मि' ऐसा कहे । फिर यजमान 'ॐ यथाविहितं कर्म कुरु' कहे तब (उसके उत्तरमें) ब्रह्मा 'ॐ करवाणि' ऐसा कहे । तत्पश्चात् यजमान अग्निके दक्षिणकी ओर चौकी आदि शुद्ध आसन बिछाकर उसपर पूर्वको जिनका अग्र- भाग हो ऐसे कुश बिछावे और ब्रह्मासे अग्निकी प्रदक्षिणा कराकर 'अस्मिन्कर्मणि त्वं मे ब्रह्मा भव' अर्थात् इस कर्ममें आप मेरे ब्रह्मा हो ऐसा कहे तब इसके उत्तरमें ब्रह्माके 'ॐ भवानि' कहने पर उस आसनर ब्रह्माको उत्तराभिमुख करके बैठाल देना चाहिये । फिर प्रणीतापात्रको आगे रखकर जलसे परिपूर्ण करके कुशाओंसे ढक देवे और ब्रह्माके मुखकी तरफ देखकर अग्निके उत्तरकी ओर कुशाओंपर रख देवे तिसके पीछे अग्निके सब ओर परिस्तरण करना चाहिये । मुट्ठीभर अथवा सौ कुश लेकर उसके चार भाग करे । प्रथम भाग अग्निकोनसे लेकर ईशानकोनतक, दूसरा भाग ब्रह्माके आसनसे अग्निकोनतक, तीसरा भाग नैर्ऋत्यकोनसे वायुकोनतक और चौथा भाग अग्निसे प्रणीतापात्रपर्यन्त बिछा देवे फिर अग्निसे उत्तर पश्चिम दिशामें पवित्रच्छेदनके लिये तीन कुशा रक्खे और पवित्र बनानेके लिये

स्रुवः आज्यं षट्पंचाशदुत्तरयजमानमुष्टिशतद्वयावच्छिन्नतंडुलपूर्णपात्रं पवित्रच्छेदनकुशानां पूर्वपूर्वदिशि क्रमेणासादनीयं अमीषामुत्तरोत्तरतः साधारणवस्तून्युपकल्पनीयानि तत्र शीतोदकमुष्णोदकं घृतदधिनवनीतान्यतमस्य पिंडः त्रिश्वेतशल्लकीकंटकं साग्रसप्तविंशतिकुशपत्राणि लोहक्षुरः नापितः वृषभगोमयपिंडः अन्यदप्याचारान्नलिनीदलादि । ततः पवित्रच्छेदनकुशाः पवित्रे छित्वा सपवित्रकरेण प्रणीतोदकं त्रिः प्रोक्षणीपात्रे निधाय द्वाभ्यामनामिकांगुष्ठाभ्यामुत्तराग्रे पवित्रे गृहीत्वा त्रिरुत्पवनं ततः प्रोक्षणीपात्रं वामहस्ते कृत्वाऽनामिकांगुष्ठगृहीतपवित्राभ्यां प्रोक्षणीजलं त्रिरुत्क्षिप्य प्रणीतोदकेन प्रोक्षणीपात्रमभ्युक्ष्य प्रोक्षणीजलेनासादितवस्तून्यभिषिच्याग्निप्रणीतयोर्मध्ये प्रोक्षणीपात्रं निदध्यात् ।

अग्रभागसहित और बीचके पत्तेसे रहित ऐसे दो कुशपत्र रक्खे । फिर प्रोक्षणीपात्र, आज्यस्थाली, पांच संमार्जनकुशा, तीन समिधा, स्रुवा, घृत और दो सौ छप्पन मुट्ठी चावलोंसे भरा हुआ पूर्णपात्र इन सब पदार्थोंको पवित्रछेदनकी कुशाओंके आगे आगे रखता जावे और इन सबके आगे आगे अन्यान्य साधारण वस्तुओंको भी रखता जावे । (इनके सिवाय) शीतल और उष्णजल रक्खे । घृत, दही अथवा माखन इनमें यथालब्ध किसी एक पदार्थका गोलाकार पिंड बनाकर रख देवे । तीन स्थानमें सफेद सेही पक्षीका कांटा, सत्ताईस कुशा, लोहेका उस्तरा, नापित (नाई) बैलके गोवरका पिंड (लौंदा) तथा अन्यान्य कमलके पत्ते इत्यादि मांगलिक पदार्थोंको स्थापन करे । फिर पवित्रच्छेदनकी कुशाओंसे पवित्र छेदनकर उन पवित्रोंको हाथमें ले प्रणीताके जलको प्रोक्षणीपात्रमें डाले । पश्चात् अनामिका और अंगुष्ठ इन दोनों अंगुलियोंके द्वारा पवित्रोंको पकड प्रोक्षणीका जल तीन बार उछाले । फिर प्रोक्षणीपात्रको बायें हाथमें रखकर अनामिका तथा अंगुष्ठसे पकडे हुए पवित्रोंसे प्रोक्षणीका जल तीन बार ऊपरको छिडके । पीछे प्रणीताके जलसे प्रोक्षणीपात्रको सेचन कर प्रोक्षणीके जल द्वारा पूर्वस्थापित सब व-

आज्यस्थाल्यामाज्यं कृत्वाधिश्रित्य ज्वलत्तृणादिकमादायाज्यस्योपरि प्रदक्षिणं भ्रामयित्वा वह्नौ तत् क्षिपेत् । ततस्त्रिः स्रुवप्रतपनं संमार्जन-कुशानामग्रैरंतरतो मूलैर्बाह्यतः स्रुवं संमृज्य प्रणीतोदकेनाभ्युक्ष्य पूर्ववत् त्रिः प्रताप्य दक्षिणतो निदध्यात् । ततः अग्नितः प्रदक्षिणक्रमेणाज्यमु-त्तार्याग्रतो निदध्यात् । ततः प्रोक्षणीवत्त्रिराज्योत्पवनं अवेक्ष्य सत्य-पद्रव्ये तन्निरसनं पूर्ववत्प्रोक्षण्युत्पवनं तत उत्थाय उपयमनकुशानादाय वामहस्ते कृत्वा प्रजापतिं मनसा ध्यात्वा तूष्णीमग्नौ घृताक्ताः समिध-स्तिस्रः प्रक्षिपेत् । तत उपविश्य सपवित्रप्रोक्षण्युदकेन प्रदक्षिणक्रमेणाग्निं पर्युक्ष्य प्रणीतापात्रे पवित्रे कृत्वा ब्रह्मणान्वारब्धः पातितदक्षिणजानुः

ओंको छिडके । फिर उस प्रोक्षणीपात्रको अग्नि और प्रणीताके बीचमें रख देना चाहिये । अनन्तर आज्यस्थालीमें घृत डालकर उसको वेदीकी अग्निमें रख देवे । फिर एक तिनका बालकर घृतके चारों ओर दक्षिण क्रमसे घुमाकर अग्निमें डाल देवे तदनन्तर तीन बार स्रुवेको (वेदीकी अग्निमें) तपावे और फिर मार्जनकुशाओंके अग्रभागसे भीतर और मूलभागसे बाहरकी तरफ स्रुवेको शुद्ध कर प्रणीताके जलसे छिडके अनन्तर पूर्वोक्त प्रकारसेही फिर तीन बार तपाकर दक्षिणकी ओर रखदेवे । तत्पश्चात् दक्षिण क्रमसे अग्निसे घृतको उठाकर यजमान अपने आगे रख लेवे फिर प्रोक्षणीपात्रकी तरह यजमान उस घृतको पवित्रोंद्वारा उछाले और देखे यदि उसमें मक्खी इत्यादि कोई अपवित्र वस्तु पडी हो तो उसको निकालकर फेंक देना चाहिये । फिर पूर्ववत् पवित्रोंद्वारा तीन बारही प्रोक्षणीपात्रके जलको उछालना उचित है । फिर यजमान खडा हो उपयमन कुशाओंको बायें हाथमें ले मनमें प्रजापतिका ध्यान करता हुआ उन पूर्व स्थापित तीनों समिधाओंको घृतमें भिगोकर स्वाहा शब्दके साथ चुपचाप अग्निमें डाल देवे । फिर आसन पर बैठकर पवित्र और प्रोक्षणीका जल हाथमें ले दक्षिणपूर्वक अग्निके चारों तरफ छिडक पवित्रोंको प्रणीतापात्रमें रखदेवे फिर ब्रह्मासे मिलकर और अपने दाहिने घुटुएको नवायकर प्रज्वलित अग्निमें होम

सन्निद्धतमेऽग्नौ जुहुयात् । तत्र प्रत्याहुत्यनंतरं स्रुवावास्थितहुतशेषघृतस्य प्रोक्षणीपात्रे प्रक्षेपः । ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये० १। इति मनसा । ॐ इंद्राय स्वाहा इदमिंद्राय० २ । इत्याघारौ । ॐ अग्नये स्वाहा इदमग्नये० ३। ॐसोमाय स्वाहा इदं सोमाय०४। इत्याज्यभागौ। ॐ भूः स्वाहा इदमग्नये० ५ । ॐ भुवः स्वाहा इदं वायवे० ६ । ॐ स्वः स्वाहा इदं सूर्याय० ७ । एता महाव्याहृतयः । ॐ त्वन्नो अग्ने वरुणस्य विद्वान् देवस्य हेडो अव यासिसीष्ठाः । यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो विश्वा द्वेषाꣳसि प्रमुमुग्ध्यस्मत्स्वाहा इदमग्नीवरुणाभ्यां०८। ॐ स त्वन्नो अग्नेऽवमो भवोती नेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ । अव यक्ष्व नो वरुणꣳरराणो वीहि मृडीकꣳ सुहवो न एधि स्वाहा इदमग्नीवरुणाभ्यां० ९ । ॐ अयाश्चाग्नेस्यनभिशस्तिपाश्च सत्वमित्वमया असि । अयानो यज्ञं वहास्ययानो धेहि भेषजꣳ स्वाहा इदमग्नये० १० ।

करे प्रत्येक आहुति देनेपर स्रुवेमें जो घृत शेष रहे उसको प्रोक्षणीपात्रमें डाला जाय । हवन करनेके मन्त्र यथा । ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये न मम ॥ १ ॥ इति मनसा । ॐ इंद्राय स्वाहा इदमिन्द्राय न मम ॥ २॥ इत्याघारौ ॥ ॐ अग्नये स्वाहा इदमग्नये न मम ॥ ३ ॥ ॐ सोमाय स्वाहा इदं सोमाय न मम ॥ ४ ॥ इत्याज्यभागौ । ॐ भूः स्वाहा इदमग्नये न मम ॥ ५ ॥ ॐ भुवः स्वाहा इदं वायवे न मम ॥ ६ ॥ ॐ स्वःस्वाहा इदं सूर्याय न मम ॥ ७ ॥ एता महाव्याहृतयः । ॐ त्वन्नो अग्ने वरुणस्य विद्वान्देवस्य हेडो ऽअव यासिसीष्ठाः । यजिष्ठो वह्नितमःशोशुचानो विश्वा द्वेषाꣳसि प्रमुमुग्ध्यस्मत्स्वाहाइदमग्नीवरुणाभ्यां०॥ ८॥ ॐ स त्वन्नो अग्नेऽवमो भवोती नेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ । अव यक्ष्व नो वरुणꣳ रराणो वीहि मृडीकꣳ सुहवो न एधि स्वाहा इदमग्नीवरुणाभ्यां न मम ॥ ९ ॥ ॐ अयाश्चाग्नेस्यनभिशस्तिपाश्च सत्वमित्वमया असि । अयानो यज्ञं वहास्ययानो धेहि भेषजꣳस्वाहा इदमग्नये० ॥ १०

ॐ ये ते शतं वरुण ये सहस्रं यज्ञियाः पाशा वितता महांतः । तेभिर्नो अद्य सवितोत विष्णुर्विश्वे मुंचंतु मरुतः स्वर्काः स्वाहा इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यश्च० ११ । ॐ उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं विमध्यमꣳ श्रथाय । अथा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितय स्याम स्वाहा इदं वरुणाय० १२ । इति सर्वप्रायश्चित्तम् । ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये० १३ । इति प्राजापत्यम् । ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा इदमग्नये स्विष्टकृते० १४। इति स्विष्टकृत् । अथ संस्रवप्राशनम् । तत आचम्य ॐ अद्या-मुष्य कुमारस्य कृतैतच्चूडाकरणहोमकर्मणि कृताकृतावेक्षणरूपब्रह्म-कर्मप्रतिष्ठार्थमिदं पूर्णपात्रं प्रजापतिदैवतममुकगोत्रायाऽमुकशर्मणे ब्राह्मणाय ब्रह्मणे दक्षिणां तुभ्यमहं संप्रददे । इति ब्रह्मणे दक्षिणां दद्यात् । ॐ स्वस्तीति प्रतिवचनम् । ततो ब्रह्मग्रंथिविमोकः ।

ॐ ये ते शतं वरुणये सहस्रं यज्ञियाः पाशा वितता महान्तः । तेभिर्नो अद्य सवि-तोत विष्णुर्विश्वे मुंचंतु मरुतः स्वर्काः स्वाहा इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वे-भ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यश्च न मम ॥ ११ ॥ ॐ उदुत्तमं वरुण पाशमस्म-दवाधमं विमध्यमꣳ श्रथाय । अथा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितये स्याम स्वाहा इदं वरुणाय० ॥ १२ ॥ इति सर्वप्रायश्चित्तम् । ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये० ॥ १३ ॥ इति मनसा । इति प्राजापत्यम् । ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा इदमग्नये स्विष्टकृते० ॥ १४ ॥ इसके पीछे प्रोक्षणीके जलद्वारा प्राशन करना चाहिये और फिर दूसरी बार शुद्ध जलसे आचमन करे अनन्तर आगे लिखे 'ॐ अद्यामुष्य कुमारस्य कृतैतच्चूडाकरणहोमकर्मणि कृताकृतावे-क्षणरूपब्रह्मकर्मप्रतिष्ठार्थमिदं पूर्णपात्रं प्रजापतिदैवतममुकगोत्रायाऽमुकशर्मणे ब्राह्मणाय ब्रह्मणे दक्षिणां तुभ्यमहं सम्प्रददे' इस संकल्पको पढकर ब्रह्माके [illegible] निमित्त पूर्णपात्रका दान करे । तब ब्रह्मा 'ॐ स्वस्ति' कहकर वह दक्षिणा लेलेवे [illegible] पवित्रोंकी गांठ खोल देनी चाहिये और उन्हीं पवित्रोंसे आगे लिखे

ततः ॐ सुमित्रिया न आप ओषधयः संतु इति पवित्राभ्यां प्रणीताजलमानीय तेन शिरः संमृज्य ॐ दुर्मित्रियास्तस्मै संतु योऽस्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः । इत्यैशान्यां प्रणीतान्युब्जीकरणम् । ततस्तरणक्रमेण बर्हिरुत्थाप्याज्येनाभिघार्य ॐ देवा गातुविदो गातुं वित्वा गातुमित मनसस्पत इमं देव यज्ञ९ स्वाहा वाते धाः स्वाहा ॥ इति मंत्रेण बर्हिर्होमः । अथ शीतोदकमुष्णोदकेन ॐ उष्णेन वा य उदकेनेह्यदिते केशान्वप इति मंत्रेणाभिषिच्य तक्रामिश्रीतोदके नवनीताद्यन्यतमपिंडं तूष्णीं प्रक्षिप्य दक्षिणपश्चिमोत्तरक्रमेण पूर्वदिशाबद्धकुमारकेशजूटिकात्रये दक्षिणजूटिकाम् । ॐ सवित्रा प्रसूता दैव्या आप उंदंतु ते तनु दीर्घायुत्वाय वर्चसे।इति मंत्रं पठित्वा तेनैव मिश्रितवारिणा

ॐ सुमित्रिया न आप ओषधयः सन्तु यह मन्त्र पढकर यजमान प्रणीताके जलद्वारा शिरमें मार्जन करे और पश्चात् आगे लिखे 'ॐ दुर्मित्रियास्तस्मै सन्तु योऽस्मान् द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः' इस मंत्रको पढकर प्रणीतापात्रको ईशानकोनमें उल्टा कर देवे । तिस पीछे बिछानेके क्रमानुसार अर्थात् जिस क्रमसे कुश बिछाये थे उसी क्रमसे उन कुशोंको उठावे और फिर उनको घृतमें भिगोकर आगे लिखे 'ॐ देवा गातुविदो गातुं वित्वा गातुमित मनसस्पत इमं देव यज्ञ९ स्वाहा वाते धाः स्वाहा' इस मन्त्रसे अग्निमें डाल देवे तदनन्तर पूर्वस्थापित शीतल जलको गरम जलमें आगे लिखे 'ॐ उष्णेन वा य उदकेनेह्यदिते केशान् वप' इस मन्त्र द्वारा मिलावे । फिर उस जलमें थोडासा मट्ठा डालकर पूर्व स्थापित घृत, दही वा माखनके पिंडमेंसे भी यत्किंचित् पिंडही बनाकर चुपचाप उसमें डालदेवे । फिर चूडाकर्मके निर्दिष्ट दिनसे पहले दिन बालकके केशोंके तीन भाग कर कलावेसे दक्षिण पश्चिम उत्तर तीन तरफ जूटीका (जूडा) बांधे । उन पहले दिन बांधी हुई तीनों जूटिकाओंमें दक्षिण तरफवाली जूटिकाको आज चूडाकर्मके दिन आगे लिखे 'ॐ सवित्रा प्रसूता दैव्या आप उन्दन्तु ते तनुम् । दीर्घायुत्वाय वर्चसे' इस मन्त्रको पढकर शीतोदक, उष्णोदक

प्रक्षाल्य ततो दक्षिणभागस्थितजूटिकाभागत्रयं कुर्यात् तत्र एकैकां जूटिकां प्रति कुशपत्रत्रयसंयोजनं कुर्यात् शल्लकीकंटकेन तूर्ष्णी विवरणं कृत्वा भागत्रयं कुर्यात् ततः सप्तविंशतिकुशपत्रः पत्रत्रयमानीय तत्केशमूलसंलग्नाग्रजूटिकाप्रथमभागमध्यांतरितं कुर्यात् ॐ ओषधे त्रायस्व स्वधिते मैनꣳ हिꣳसीः शिवो नामासि स्वधितिस्ते पिता नमस्ते अस्तु मा मा हिꣳसीः इति मंत्रेण लोहक्षुरं गृहीत्वा ॐ निवर्तयाम्यायुषेन्नाद्याय प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय इति मंत्रेण जूटिकासंलग्नं कुर्यात् ततः कुशपत्रत्रयसहितां जूटिकां छिनत्ति । ॐ येनावपत्सविता क्षुरेण सोमस्य राज्ञो वरुणस्य विद्वान् । तेन ब्रह्माणो वपतेदमस्यायुष्यं जरदष्टिर्यथा सत् । इति मंत्रेण पश्चिमजूटिकाछेदनं कुर्यात् । ततस्तान् लूनकुशपत्रत्रयसहितान् अनडुद्गोमयपिंडोपरि उत्तरस्यां निदध्यात् । एवमेव पूर्वप्रक्षालितपरभागद्वये कुशपत्रत्रितयांतर्निधानादि च्छेदवर्जं

मट्ठा और दधि इत्यादि मिश्रित जलसे भिगोवे । फिर उस दक्षिण तरफकी जूटिकाके भी सेहीके काटेसे सुलझाकर तीन भाग करे और पूर्व स्थापित सत्ताईस कुशोंमेंसे तीन कुश ले कलावा लपेटकर उनकी भी पिंजूलिका बना लेवे और पहली जूटिकाके साथ उस पिंजूलिकाको युक्त करे । अनन्तर आगे लिखे ' ॐ ओषधे त्रायस्व स्वधिते मैनꣳ हिꣳसीः शिवो नामासि स्वधितिस्ते पिता नमस्ते अस्तु मा मा हिꣳसीः । ' इस मन्त्रसे उस्तरेको हाथमें लेवे । तदनन्तर आगे लिखे 'निवर्त्तयाम्यायुषेऽन्नाद्याय प्रजननाय रायस्पोषाय सुप्रजास्त्वाय सुवीर्याय' इस मन्त्रसे उस उस्तरेको बालोंमें लगावे और फिर आगे लिखे ' ॐ येनावपत्सविता क्षुरेण सोमस्य राज्ञो वरुणस्य विद्वान् । तेन ब्रह्मणो वपतेदमस्यायुष्यं जरदष्टिर्यथा सत् । ' इस मंत्रसे उस पिंजूलिकासमेत बालोंके जूडाको काट लेवे । पश्चात् उन कुशसहित काटे हुए बालोंको उत्तरकी ओर स्थापित बैलके गोबर पर रखदेवे फिर पहले भिगोई हुई दक्षिणभागकी दोनों जूटिकाको तीन तीन कुशोंकी पिंजूलिकासे युक्त कर केश काटनेके अतिरिक्त तीन तीन

सर्वं पूर्ववदेव च्छेदनं तूष्णीम् ततः पश्चिमजूटिकायां पूर्ववत्तेनैव मंत्रेण प्रक्षालनं तूष्णीं शल्लकीकंटकेन भागत्रयकरणं केशमूलसं-लग्नाग्रके शांतरितमध्यकुशपत्रत्रयधारणक्षुरग्रहणतत्संयोजनानि तत्तन्मं-त्रेणैव । तत्र प्रथमजूटिकाछेदने मंत्रः ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेः कश्य-पस्य त्र्यायुषं यद्देवेषु त्र्यायुषं तन्नो अस्तु त्र्यायुषं इति मंत्रेण छित्वा ततः पूर्ववद्गोमयपिंडोपरि निदध्यात् । तत्रावशिष्टभागद्वये कुशपत्रत्रयं केशांतर्निधानादि च्छेदनवर्जं सर्वं पूर्ववदेव च्छेदनं तूष्णी-मेव लूनकुशपत्रत्रयकेशानां गोमयपिंडोपरि धारणं च । तत उत्तर-भागजूटिकायां प्रक्षालनादिक्षुरसंयोजनांतेषु पूर्ववत्तत्तन्मन्त्रं प्रयोज्य प्रथमभागजूटिकायां छेदने मंत्रः ॐ येन भूरिश्चरा दिवं ज्योकच पश्चाद्धि सूर्यं तेन ते वपामि ब्रह्मणा जीवातवे जीवनाय सुश्लोक्याय स्वस्तये ।

कुशपत्र रखना तथा सेहीके काँटेका लगाना इत्यादि सब काम पूर्ववत् करे, किन्तु छेदन अर्थात् बालोंके काटनेका काम चुपचाप करे अनन्तर पश्चिमकी तरफके जूडामें पूर्ववत् तत्तन्मन्त्रों द्वारा भिजोना। सेहीके काँटेसे चुपचाप बालों के तीन भाग करना और फिर तीन तीन कुश प्रिंजूलिकाओंका युक्त करना, क्षुरे (उस्तरे) को हाथमें लेना, बालोंमें उस्तरेका लगाना यह सब काम करे। पश्चात् आगे लिखे 'ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेः कश्यपस्य त्र्यायुषं यद्देवेषु त्र्यायुषं तन्नो अस्तु त्र्यायुषम्' इस मन्त्रसे पहली जूडाको काट लेवे । फिर पूर्ववत् काटी हुई जूटिका इत्यादिको उसी गोबरके लौंदे पर रख देवे । अनन्तर बची हुई दो जूटिकाओंको तीन तीन कुशोंसे संयुक्त कर छेदनके अतिरिक्त सब कार्या पूर्ववत् करे किन्तु छेदन चुपचाप करना चाहिये । फिर इन केश और पिंजूलि-काको पूर्ववत् गोबरके लौंदे पर रख देवे इसके पश्चात् उत्तर भागके जूडामें बाल भिगोनेसे लेकर बालोंमें छुरेको रखनेतक उन उन मन्त्रोंद्वारा सब कार्य पूर्ववत् करके प्रथम भागके जूडाको आगे लिखे' ॐ येन भूरिश्चरा दिवं ज्यो-कच पश्चाद्धिसूर्यं तेन ते वपामि ब्रह्मणा जीवातवे जीवनाय सुश्लोक्याय स्वस्त

ततः केशान् गोमयपिंडोपरि निदध्यात् । ततोऽवशिष्टभागद्वये कुशपत्रत्रये केशांतर्निधानादि च्छेदनवर्जं सर्वं पूर्ववदेवं च्छेदनं तूष्णीं गोमयपिंडोपरि धारणमपि । ततः समस्तं शिरः प्रक्ष्याल्य त्रिः केशोपरि क्षुरं प्रदक्षिणक्रमेणानुकेशान् भ्रामयति । ॐ यत् क्षुरेण मज्जयता सुपेशसा वप्त्वा वपति केशाँश्छिंधि शिरोमास्यायुः प्रमोषीः । इति मंत्रेण । ततस्ताभिरेवाद्भिः समस्तं शिरः प्रक्ष्याल्य ॐ अक्षण्वन्परिवप इति नापिताय क्षुरं प्रयच्छति अथ नापितः शिखां धृत्वा समस्तशिरोवपनं यथाकुलधर्मं कुर्यात् । तांश्च केशान्नूतनवस्त्रेण प्रतीक्ष्य माता दधिभक्तदुग्धसमन्वितगोमयपिंडोपरि निदध्यात् । इति समाचारः । पूर्ववत्पूर्णाहुतिः ॐ मूर्धानं दिवो अरतिं पृथिव्या वैश्वानरमृत आजातमग्निम् । कविँ सम्राजमतिथिं जनानामासन्ना पात्रं जनयंत देवाः स्वाहा इति मंत्रेण

इस मन्त्रसे छेदन करें अर्थात् काट लेवे । फिर उन केश तथा कुशाओंको गोबरके लौंदेपर रख देवे । तत्पश्चात् शेष उत्तरके दो भागोंमें तीन तीन कुशाओंको केशोंके भीतर रखना इत्यादि सारे कार्य पहलेकी नाईं चुपचाप करे और बालोंको काटकर गोबरके लौंदेपर रख देवे । तदनन्तर समस्त शिरको गीला कर अर्थात् जलसे भिजोकर छुरेको दक्षिण क्रमसे तीन बार आगे लिखे 'ॐ यत्क्षुरेण मज्जयता सुपेशसा वप्त्वा वा वपति केशाँश्छिधि शिरोमास्यायुः प्रमोषीः' इस मन्त्रद्वारा शिरके चारों ओर घुमावे फिर उन्ही पहले घृतादि मिले शीतल और उष्ण जलसे सारे शिरको भिगोकर 'ॐ अक्षण्वन्परिवप' ऐसा उच्चारण करके उस छुरे (उस्तरे) को नाईके हाथमें देदेना चाहिये और तब फिर वह नाई कुलधर्मानुसार शिखाको छोडकर शेष समस्त शिरका मुण्डन कर देवे। अनन्तर बालककी माता उन बालोंको नवीन वस्त्रमें लपेटकर दही दूध सहित गोबरके लौंदेपर रख देवे । इस रीतिको सब किसीके पक्षमें समान जानना चाहिये । फिर पूर्ववत् आगे लिखे 'ॐ मूर्द्धानं दिवो अरतिं पृथिव्या वैश्वानरमृत आजातमग्निम् । कविँ सम्राजमतिथिं जनानामासन्ना पात्रं जनयन्त देवाः स्वाहा'

पूर्णाहुतिः । तत उपविश्य स्रुवेण भस्मानीय दक्षिणानामिकाग्रगृहीतभस्मना त्र्यायुषं कुर्यात् ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेरिति ललाटे ॐ कश्यपस्य त्र्यायुषमिति ग्रीवायां ॐ यद्देवानां त्र्यायुषमिति दक्षिणबाहुमूले ॐ तन्नो अस्तु त्र्यायुषमिति हृदि अनेनैव क्रमेण कुमारललाटादावपि तत्र तत्ते अस्तु इति विशेषः । ततो दूर्वाक्षतादिग्रहणम् । ततस्तान् केशान् सगोमयपिंडान् गोष्ठे सरित्तीरे वा अन्यस्मिन्नुदकांतरे वा निदध्यात् । तत आचाराद्भोज्यादिकम् ॥ इति चूडाकरणम् ॥ ८ ॥

अथ कर्णवेधः ।

तत्र तृतीये वर्षे पंचमे वा पुष्येंदुचित्राहरिरेवत्यन्यतमनक्षत्रसमन्वितरिक्तातिथिपूर्वाह्णे पितान्यो वा पूर्वाभिमुखोपविष्टः कुमारस्य मधुरं

इस मन्त्रसे पूर्णाहुति देनी चाहिये । फिर आसनपर बैठकर स्रुवेसे अग्निकी भस्म ले दाहिने हाथकी अनामिका अंगुलीसे उस भस्मको ॐ 'त्र्यायुषं जमदग्नेः' ऐसा कहकर माथेमें 'ॐ कश्यपस्य त्र्यायुषं' यह कहकर गलेमें 'ॐ यद्देवानां त्र्यायुषं' ऐसा कहकर दक्षिणबाहुमूलमें और 'ॐ तन्नो अस्तु त्र्यायुषं' कहकर यजमान अपने हृदयमें लगावे । फिर इसी रीतिसे पुत्रके भस्म लगानी चाहिये । किन्तु जब पुत्रके भस्म लगावे तब 'तन्नो अस्तु' के स्थानमें 'तत्ते अस्तु' उच्चारण करे फिर दूर्वाक्षतादि रूप आशीर्वाद ग्रहण करे । तत्पश्चात् उन केशोंको गोबरके लौंदे समेत गोशालामें अथवा किसी नदीके किनारे किंवा किसी अन्य जलाशयके समीप रख देवे और फिर अपने कुलकी रीतिके अनुसार ब्राह्मण तथा इष्ट मित्रोंको भोजन करावे ।

इति श्रीकान्यकुब्जवंशावतंससुरादाबादनिवासिस्वर्गीयमिश्रसुखानन्दसूरिसूनु-पण्डित-कन्हैयालालमिश्रकृतभाषाटीकायां चूडाकरणसंस्कारः समाप्तः॥८॥

अब कर्णवेध (कनछेदन) संस्कार लिखा जाता है । तीसरे अथवा पाँचवें वर्षमें पुष्य, इन्दु, चित्रा, हरि, रेवती, इन नक्षत्रोंमें कोई नक्षत्र युक्त, रिक्ता तिथिके अतिरिक्त अन्य तिथिके पूर्वाह्ण समयमें पिता अथवा दूसरा घरका

दत्त्वा ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः । स्थिरैरंगैस्तुष्टुवाꣳसस्तनूभिर्व्यशेम देवहितं यदायुः ॥ इति मंत्रेण दक्षिणकर्णमभिमंत्र्य ॐ वक्ष्यंती वेदा गनीगंति कर्णं प्रियꣳसखायं परिषस्वजाना । योषेव शिंक्ते वितताधि धन्वञ्ज्या इयꣳसमने पारयंती ॥ इति मंत्रेण वामकर्णमभिमंत्रयेत् । ततो मध्यं वीक्ष्य नापितद्वारा वेधयेत् । तस्मिन् समये मधुरादिदानमाचारात् । ततो ब्राह्मणभोजनम् ॥ इति कर्णवेधः ॥ ९ ॥

अथोपनयनम् ।

तत्र शुद्धसमये रविगुरुचंद्रतारादिशुद्धौ जन्मतो गर्भाष्टमेऽब्दे वानुकूल्ये षोडशसंवत्सराभ्यंतरे ब्रह्मवर्चसकामस्य पंचमेऽप्युदगयन आपूर्यमा-

---

कोई वृद्ध पुरुष पूर्वाभिमुख बैठकर बालकके हाथमें कोई मोदकादि (मीठी) वस्तु देकर आगे लिखे 'ॐ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः । स्थिरैरङ्गैस्तुत्वाꣳसस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः' इस मन्त्रसे दाहिने कानको अभिमन्त्रित करे फिर आगे लिखे मन्त्रसे बायें कानको भी अभिमन्त्रित करे मन्त्र यथा ॐ वक्ष्यन्ती वेदा गनीगंति कर्णं प्रिय ꣳसखायं परिषस्वजाना योषेव शिंक्ते वितताधि धन्वञ्ज्या इयꣳसमने पारयन्ती ' अनन्तर कर्णवेधके ठीक मध्यस्थानको देखकर नांईके[१] द्वारा वेध करावे अर्थात् कानको छिदावे कर्णवेधके समय बालकके हाथमें मोदकादिका देना समाचार अर्थात् परंपरा है । तत्पश्चात् ब्राह्मणोंको भोजन कराना चाहिये ।

इति श्रीकान्यकुब्जवंशावतंसमुरादाबादनिवासि-स्वर्गीयमिश्रसुखानंदसूरिसूनु-पण्डित-कन्हैयालालमिश्रकृतभाषाटीकायां कर्णवेधसंस्कारः समाप्तः ॥ ९ ॥

अब उपनयनसंस्कार लिखा जाता है। सूर्य गुरु, चन्द्र, तारादिकी शुद्धिवाले शुभ समयमें जन्म अथवा गर्भसे आठवें वर्ष अथवा सोलह वर्षके भीतर अपने अनुकूल समयमें और ब्रह्मतेजकी इच्छा करनेवाला पुरुष पाँचवें वर्ष उत्तरायण

१ यहां नाई शब्दसे स्वर्णकारको समझना चाहिये ।

णपक्षेऽनध्यायषष्ठीरिक्ताद्यातिरिक्ततिथौ रविगुरुशुक्रान्यतमवारे मध्याह्ना-
दर्वाक् कुमारपित्राभ्युदयिके कृते तदभावे आचार्येणैव कृते ब्राह्मणान्मा-
णवकं च भोजयित्वासशिखकृतक्षौरं स्नानानंतरं यथाशक्त्यलंकृत्वा बहिः
शालायां तुषकेशशर्करादिशून्यपरिष्कृतभूमौ आचार्योऽग्निस्थापनं कु-
र्यात्। तत्र हस्तमात्रपरिमितचतुरस्रभूमिकुशकरणकसमूहनानंतरं गोम-
योदकेनोपलिप्य स्रुवमूलेन प्रागग्रप्रादेशमात्रमुत्तरोत्तरक्रमेण त्रिरुल्लिख्य
उल्लेखनक्रमेणाऽनामिकांगुष्ठाभ्यां मृदमुद्धृत्य जलेनाभ्युक्ष्य नवीनकांस्य-
पात्रेणाग्निमानीय स्वाभिमुखं निदध्यात् । ततः कुमारमाचार्यः शिष्यद्वा-
राग्नेः पश्चाद्दक्षिणपार्श्वेऽवस्थापयति ततः कुमारं बद्धांजलिं संबोधयति
ॐ ब्रह्मचर्यमागामिति ब्रूहि इति प्रैषानंतरं ॐ ब्रह्मचर्यमागामिति कुमार

और शुक्लपक्षयुक्त कालमें, अनध्याय षष्ठी रिक्ताके सिवाय अन्यान्य तिथिमें, रवि, गुरु, शुक्र इन वारोंके बीच किसी वारमें मध्याह्नसे पहले यज्ञोपवीत करना चाहिये। पिता अथवा पिताके न होनेपर आचार्य नान्दीमुख श्राद्ध करके ब्राह्मण[1] और बालकको भोजन करावे । फिर शिखा धरवाय क्षौर करवाय स्नान करावे और उस बालकको अपनी सामर्थ्यके अनुसार अलंकृत कर बाहर तुष केश धूरि इत्यादि रहित संस्कृत तथा शुद्ध भूमिपर रची हुई शालामें आचार्य अग्नि स्थापन करे । तहां एक हाथ परिमित चौकोन वेदी बनाकर कुशोंसे शुद्ध करनेके अनन्तर गोबरसे उसको लीपना चाहिये । फिर स्रुवेकी जडसे पूर्वको अग्रभागवाली प्रादेशप्रमाण उत्तरोत्तर क्रमसे तीन रेखा खैंचकर रेखाओंके क्रमानुसार अनामिका और अंगुष्ठ इन दो अंगुलियोंद्वारा रेखाओंमेंसे मिट्टी उठाकर ईशानकोनमें डाल देवे फिर जलसे उस वेदीको सेचन करे पीछे नवीन कांसीके पात्रमें अग्नि मंगाकर अपने सन्मुख अर्थात् पश्चिमाभिमुख स्थापन करे फिर आचार्य उस कुमार (बालक) को अपने शिष्यके द्वारा अग्निके पश्चिम ओर अपनी दाहिनी तरफ बैठाले तदनन्तर कुमारसे हाथ जुडवाकर कहे कि 'ॐ ब्रह्मचर्यमागाम् ' ऐसा उच्चारण कर इस प्रकार आज्ञा देवे । ऐसी आज्ञा

---

१ अन्यान्य पद्धतियोंमें तीन ब्राह्मणोंको भोजन कराना लिखा है ।

आह । ततः ॐ ब्रह्मचार्यसानीतिब्रूहीत्याचार्येणोक्ते ॐ ब्रह्मचार्यसानीति कुमार आह । अथ माणवकमाचार्यो वासः परिधापयति तत्र आचार्यपठनीयो मंत्रः । ॐ येनेंद्राय बृहस्पतिर्वासः पर्यदधादमृतं तेन त्वा परिदधाम्यायुषे दीर्घायुत्वाय बलाय वर्चसे । ततो माणवकस्य द्विराचमनम् । अथ माणवकस्य वेष्टनत्रयेण तत्प्रवरग्रंथितां मेखलामाचार्यो बध्नाति तत्र माणवकपठनीयो मंत्रः । ॐ यं दुरुक्तं परिबाधमाना वर्णं पवित्रं पुनती म आगात् । प्राणापानाभ्यां बलमादधाना स्वसा देवी सुभगा मेखलेयम् । ॐ युवा सुवासाः परिवीत आगात् स उ श्रेयान्भवति जायमानः । तं धीरासः कवय उन्नयंति स्वाध्यो मनसा देवयंत इति वा । तत आचाराद्यज्ञोपवीतसहितभांडाष्टतयं ब्राह्मणेभ्यो दत्त्वा तत्सद्यामुकगोत्रः स्वकीयोपनयनकर्मविषयकसत्संस्कारप्राप्त्यर्थं इदं भांडाष्टतयं सयज्ञोपवीतं सदक्षिणं यथानामेति । ततो यज्ञोपवीतं परिदधाति; माण-

---

देनेपर कुमार कहे कि 'ॐ ब्रह्मचर्यमागाम्' फिर आचार्य 'ॐ ब्रह्मचर्यसानि' ऐसा उच्चारण कर आचार्यके आज्ञा देने उपरान्त 'ॐ ब्रह्मचर्यसानि' ऐसा कुमार कहे । तत्पश्चात् कुमारको आचार्य आगे लिखे 'ॐ येनेन्द्राय बृहस्पतिर्वासः पर्यदधादमृतं तेन त्वा परिदधाम्यायुषे दीर्घायुत्वाय बलाय वर्चसे' इस मन्त्रसे वस्त्र (कौपीन) पहरावे । फिर कुमारको दो आचमन करावे । इसके अनन्तर तीन लड (लपेट) वाली और प्रवरके अनुसार ग्रन्थिवाली मूंजकी मेखला आचार्य कुमारके बांधदेवे । तब कुमार आगे लिखे मन्त्रोंको उच्चारण करे । 'ॐ यं दुरुक्तं परिबाधनामा वर्णे पवित्रं पुनती म आगात् । प्राणापानाभ्यां बलमादधानां स्वसा.देवी सुभगा मेखलेयम् ;। ॐ युवा सुवासा परिवीत आगात्स उ श्रेयान् भवति जायमानः। तं धीरासः कवय उन्नयंति स्वाध्यो मनसा देवयंतः ।' अनन्तर परस्परानुसार यज्ञोपवीतयुक्त तथा दक्षिणासहित चौवीस आगे लिखे पात्र कुमारसे आगे लिखे संकल्प द्वारा ब्राह्मणोंको प्रदान करावे । संकल्पः । अद्यामुकगोत्रः स्वकीयोपनयनकर्मविषयकसत्संस्कारप्राप्त्यर्थे

वकः । ॐ यज्ञोपवीतमिति मंत्रस्य परमेष्ठी ऋषिर्लिंगोक्ता देवता त्रिष्टुप् छंदो यज्ञोपवीतपरिधाने विनियोगः । ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात् । आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुंच शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः । इति मंत्रेण । तत ऐणेयमजिनं तूष्णीं परिधत्ते । ततो माणवककेशपरिमितपालाशदंडमाचार्यस्तूष्णीं तस्मै प्रयच्छति । तं च यो मे दंड इतिप्रजापतिर्ऋषिर्दंडो देवता यजुर्दंडग्रहणे विनियोगः । ॐ यो मे दंडः परापतद्वैहायसोऽधिभूम्याम् । तमहं पुनरादद आयुषे ब्रह्मणे ब्रह्मवर्चसाय । इति मंत्रेण माणवको गृह्णाति । तत आचार्यो वारिणा स्वमंजलिं पूरयित्वा कुमारस्यांजलिं तेनैवांजालिजलेन पूरयति । ॐ आपो हिष्ठा मयोभुवस्ता न ऊर्जे दधातन । महे रणाय चक्षसे ॐ यो वः

इदं भाण्डाष्टत्रयं सयज्ञोपवीतं सदक्षिणं यथानामगोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यः यथांशतो विभज्य दास्ये ॐ तत्सत् । तदनन्तर आचार्य कुमारको यज्ञोपवीत धारण करावे और कुमार आगे लिखे ' ॐ यज्ञोपवीतमिति मन्त्रस्य परमेष्ठिर्ऋषिर्लिङ्गोक्ता देवता त्रिष्टुप् छन्दो यज्ञोपवीतपरिधाने विनियोगः ' इस मन्त्रसे यज्ञोपवीतधारणका विनियोग छोडे फिर आगे लिखे ' ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात् । आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुंच शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः। ' इस मन्त्रसे यज्ञोपवीत धारण करना चाहिये । अनन्तर आचार्य कुमारको चुपचाप मृगचर्म प्रदान करे और कुमार उसको धारण कर लेवे । फिर कुमारके केशतक प्रमाणवाले पालाश (ढाक) के दंडको आचार्य चुपचाप कुमारके निमित्त देवे । उसको लेकर कुमार आगे लिखे ' यो मे दण्ड इति प्रजापतिर्ऋषिर्दंडो देवता यजुर्दंडग्रहणे विनियोगः । ' इस मन्त्रसे विनियोग छोडे । पश्चात् आगे लिखे ' ॐ यो मे दंडः परापतद्वैहायसोऽधिभूम्यां तमहं पुनरादद आयुषे ब्रह्मणे ब्रह्मवर्चसाय ' इस मंत्रसे दण्डको ग्रहण करे । फिर आचार्य प्रथम अपनी अंजली जलसे भरकर पुनः उसी जलसे आगे लिखे मन्त्र द्वारा कुमारकी अंजली भर देवे । ॐ आपो हिष्ठा मयोभुवस्ता न ऊर्जे दधातन ।

शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नः। उशतीरिव मातरः। ॐ तस्मा अरं गमाम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ। आपो जनयथा च नः। इति ऋग्भिः। ततः सूर्यमुदीक्षस्वेति आचार्यप्रेषानंतरं ॐ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत् पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शत ँ शृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात् इत्य नेनादित्यं पश्यति। अथ कुमारस्य दक्षिणांसं सहृदयं दक्षिणहस्तेन स्पृशत्याचार्यः। ॐ मम व्रते ते हृदयं दधामि मम चित्तमनुचित्तं ते अस्तु। मम वाचमेकमनाजुषस्व बृहस्पतिस्त्वा नियुनक्तु मह्यं इति मंत्रेण। ततः कुमारस्य दक्षिणहस्तं गृहीत्वा तं पृच्छति को नामासि श्रीअमुकशर्माहं भोः इति कुमार आह। कस्य ब्रह्मचार्यसीत्याचार्यः भवत इति कुमार आह। पुनराचार्यो भाषते ॐ इंद्रस्य ब्रह्मचार्यस्य-

---

रणाय चक्षसे। ॐ यो वःशिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नः। उशतीरिव मातरः। ॐ तस्मा अरं गमाम वो यस्य क्षयाय जिन्वथ। आपो जनयथा च नः। फिर नीचे लिखे मन्त्रसे आचार्य कुमारको सूर्यके दर्शन करनेकी आज्ञा देवे। ॐ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत् पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शत ँ शृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शतमदीना स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदःशतात्। कुमार वह अञ्जली इन मन्त्रोंके सहित सूर्यके सन्मुख छोड देवे। तदनन्तर कुमारके दाहिने कन्धेकी तरफ अपना दाहिना हाथ डालकर आचार्य कुमारके हृदयको स्पर्श करे और फिर आगे लिखे ' ॐ मम व्रते ते हृदयं दधामि मम चित्तमनुचित्तं ते अस्तु मम वाचमेकमनाजुषस्व बृहस्पतित्वा नियुनक्तु मह्यम्। ' इस मन्त्रको उच्चारण करे। फिर कुमारके दाहिने हाथको पकडकर आचार्य पूछे ' को नामासि ' तब ' श्रीअमुकशर्माहं भोः ' ऐसा कुमार आगे लिखे। ' कस्य ब्रह्मचार्यसि ' ऐसा आचार्य कहे, तब ' भवतः ' ऐसा कुमार-[illegible]। फिर पुनर्वार आचार्य कहे ' ॐ इन्द्रस्य ब्रह्मचार्यस्यग्निराचार्यस्तवाह

ग्निराचार्यस्तवाहमाचार्यः श्रीअमुकशर्मन् । अथ माणवकं बद्धांजलिं पूर्वादिदिक्षु प्रदक्षिणमुपस्थानं कारयाति । अथाचार्यो माणवकं भूतेभ्यः परिददाति तत्र आचार्यस्य मंत्रपाठः । ॐ प्रजापतये त्वा परिददामीति प्राच्यां ॐ देवाय त्वा सवित्रे परिददामि इति दक्षिणस्यां ॐ अद्भ्यस्त्वोषधीभ्यः परिददामि इति प्रतीच्यां ॐ द्यावापृथिवीभ्यां त्वा परिददामि इति उदीच्यां ॐ विश्वेभ्यस्त्वा देवेभ्यः परिददामि इत्यधः ॐ सर्वेभ्यस्त्वा भूतेभ्यः परिददाम्यरिष्टयै इत्यूर्ध्वम् । ततोऽग्निं प्रदक्षिणीकृत्य आचार्यः दक्षिणदिशि उपविशति माणवकः । ततः पुष्पचंदनतांबूलवासांस्यादाय ततःॐ अद्यकर्तव्योपनयनहोमकर्मणि कृताकृता-

---

माचार्यः श्रीअमुकशर्मन् ' इसके उपरान्त कुमारके हाथ जुडवाकर पूर्वादि दिशाओंमें प्रदक्षिणपूर्वक सूर्यके सन्मुख खडा करावे । फिर आचार्य कुमारको भूतोंके अर्थ सौंपे और वह आचार्य यह मन्त्र पाठ करे ॐ प्रजापतये त्वा परिददामीति प्राच्याम् । ॐ देवाय त्वा सवित्रे परिददामि इति दक्षिणस्याम् । ॐ अद्भ्यस्त्वोषधीभ्यः परिददामि इति प्रतीच्याम् । ॐ द्यावापृथिवीभ्यां त्वा परिददामि इति उदीच्याम् । ॐ विश्वेभ्यस्त्वा देवेभ्यः परिददामि इत्यधः । ॐ सर्वेभ्यस्त्वा भूतेभ्यः परिददाम्यरिष्टयै इत्यूर्ध्वम् । तदनन्तर अग्निकी प्रदक्षिणा करके अचार्यके दक्षिणकी ओर कुमारको बैठना चाहिये फिर पुष्प, चन्दन, तांबूल तथा वस्त्रादि वरणकी सामग्री हाथमें लेकर आगे लिखे ' ॐ अद्य कर्त्तव्योपनयनहोमकर्मणि कृता-

---

१ इसका तात्पर्य यह है कि आचार्य ' प्रजापतये० ' इत्यादि मंत्रसे हाथ जोडे हुए बालकको पूर्वादि दिशामें उपस्थान करावे । मंत्रोंको आचार्य स्वयं पढे । (प्रजापतये त्वा) मंत्रको पढता हुआ पूर्वाभिमुख बालकको उपस्थान करावे । (देवायत्वा) से दक्षिणाभिमुख (अद्भ्यस्त्वा) से पश्चिमाभिमुख (द्यावापृथिव्या) से उत्तराभिमुख (विश्वेभ्यस्त्वा) से नीचेकी दिशाको देखता हुआ (ॐ सर्वेभ्यस्त्वा) से ऊपरकी दिशामें उपस्थान करावे ।

वेक्षणरूपब्रह्मकर्म कर्तुममुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचंदनतांबूलवासोभिर्ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे इति ब्रह्माणं वृणुयात् । ॐ वृतोऽस्मीति वचनम् । पुष्पचंदनतांबूलवस्त्राण्यादाय अद्य कर्तव्योपनयनकर्माणि होतृत्वकर्म कर्तुममुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचंदनतांबूलवासोभिर्होतृत्वेन त्वामहं वृणे इति होतारं वृणुयात् ॐ स्वस्तीति प्रतिवचनम् । ॐ यथाविहितं कर्म कुर्वित्याचार्येणोक्ते ॐ करवाणीति ब्राह्मणो वदेत् । ततोऽग्नेर्दक्षिणतः शुद्धमासनं दत्त्वा तदुपरि प्रागग्रान् कुशानास्तीर्य ब्राह्मणमग्निप्रदक्षिणं कारयित्वास्मिन्कर्मणि त्वं मे ब्रह्मा भवेत्याभिधाय भवानीति तेनोक्ते तदुपरि ब्राह्मणमुदङ्मुखमुपवेश्य ततः प्रणीतापात्रंपुरतः कृत्वावारिणा परिपूर्य कुशैराच्छाद्य ब्रह्मणो मुखमवलोक्याग्नेरुत्तरतः कुशोपरि निदध्यात् ततः परिस्तरणम् । बर्हिषश्चतुर्थभा-

---

कृतावेक्षणरूपब्रह्मकर्म कर्तुममुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचन्दनताम्बूलवासोभिर्ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे० ' इस संकल्पसे ब्रह्माका वरण करना चाहिये । तब ' ॐ वृतोऽस्मीति ' ब्रह्मा कहे । फिर पुष्प, चन्दन, तांबूल, वस्त्रादि सामग्री आगे लिखे हुए ' अद्य कर्त्तव्योपनयनकर्मणि होतृत्वकर्म कर्तुममुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचन्दनतांबूलवासोभिर्होतृत्वेन त्वामहं वृणे ' इस वाक्यसे ब्रह्माको प्रदान करे । तब ब्रह्मा उस सामग्रीको ' स्वस्ति ' ऐसा कहकर ग्रहण करे । अनन्तर ' ॐ यथाविहितं कर्म कुरु ' ऐसा यजमानके कहनेपर ' ॐ करवाणि ' ऐसा ब्रह्मा कहे । फिर अग्निके दक्षिणकी ओर शुद्ध आसन स्थापन पूर्वक उसको ऊपर पूर्वको अग्रभाग करके कुशा बिछावे और फिर ब्रह्मासे अग्निकी प्रदक्षिणा कराकर इस यज्ञोपवीतकर्ममें आप मेरे ब्रह्मा हुए ऐसा कहे । तब वह ब्राह्मण ' मैं ब्रह्मा होता हूं ' ऐसा कहे फिर ब्रह्माको उत्तराभिमुखसे उस आसन पर बैठाल देना चाहिये । फिर प्रणीतापात्रको आगे रखकर जलसे भरदेवे और उसको कुशाओंसे [illegible] देवे अनन्तर ब्रह्माका मुख देखकर अग्निके उत्तरकी ओर प्रणीतापात्रको

